

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, सोमवार 20 नवंबर 2023 ■ कार्तिक शुक्ल पक्ष-7 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-231 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 21 नवंबर 2023 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### सड़क किनारे मिली किशोरी की लाश

**बलरामपुर,20 नवंबर।** जिले में नेशनल हाईवे 343 में औराझरिया घाट के पास सड़क के किनारे एक किशोरी की लाश मिली है. शव मिलने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है. मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है. पुलिस को लाश के पास से मृतका का पर्स, मोबाइल और पैसा मिला है. फिलहाल मृतका की पहचान नहीं हो पाई. यह हत्या या सड़क हादसा है पुलिस इसकी जांच कर रही है.

### बोलेरो ने बाइक सवारों को कुचला, 2 की मौत

**पिथौरा,20 नवंबर।** जिले में एक तेज रफ्तार बोलेरो वाहन ने बाइक सवारों को कुचल दिया. इससे 2 युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है. हादसा सरायपाली ईवास इंग्लिश मीडियम स्कूल के पास हुआ. घटना सरायपाली थाना क्षेत्र की है. बताया जा रहा है कि हादसा इतना भीषण था कि युवकों के शरीर के अंग क्षत-विक्षत हो गए. मृतक युवकों की पहचान अब तक नहीं हो पाई है. पुलिस मृतकों की शिनाख्ती में जूट गई है.

### मिचेल मार्श ने वर्ल्ड कप खिताब का बनाया मजाक

**नई दिल्ली,20 नवंबर।** वर्ल्ड कप 2023 का फाइनल मुकाबला रविवार की रात को खेला गया। इसे ऑस्ट्रेलिया की टीम ने जीता। ऑस्ट्रेलिया ने छठी बार विश्व कप की ट्रॉफी जीती। पिछले सात वर्ल्ड कप में से 5 वर्ल्ड कप ऑस्ट्रेलिया ने जीते हैं। भारत को दूसरी बार फाइनल में हार का सामना करना पड़ा है। वहीं, जीत पर इतराना आम बात है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया



के एक क्रिकेटर ने हद ही पार कर दी। उसने वर्ल्ड कप की ट्रॉफी पर पैर रखकर आराम किया, जबकि अन्य क्रिकेटरों ने उसी ट्रॉफी को चूमा था। इससे इस क्रिकेटर की किरकिरी हो रही है। ये क्रिकेटर कोई और नहीं, बल्कि मिचेल मार्श हैं। ऑस्ट्रेलिया की टीम के कप्तान पैट कमिंस ने मिचेल मार्श की एक तस्वीर को सोशल मीडिया पर शेयर किया, जिसमें वह वर्ल्ड कप 2023 की ट्रॉफी पर पैर रखकर हाथ में ड्रिंक लिए नजर आ रहे हैं। भारतीय फैंस इससे आहत हुए हैं और उनको जमकर लताड़ा जा रहा है। हालांकि, कुछ क्रिकेट फैंस का ये भी कहना है कि ये उनका दिन है और उनकी ट्रॉफी है तो वे इसका इस्तेमाल कैसे भी कर सकते हैं। वे चाहें तो इस पर पेशाब कर सकते हैं और इसे पैरों तले कुचल सकते हैं। हालांकि, आमतौर पर ट्रॉफी के साथ इस तरह का बर्ताव करना सही नहीं माना जाता। हमने ऑस्ट्रेलिया के ही कई खिलाड़ियों की तस्वीर देखी है, जो उसे सिर से ऊपर रख रहे हैं या चूम रहे हैं। महान फुटबॉलर लियोनेल मेसी को वर्ल्ड कप की ट्रॉफी के साथ सोते देखा गया है, लेकिन इस तरह की हरकत करना गलत है। भले ही आपकी संस्कृति में कुछ भी हो, लेकिन फिर भी इस तरह की हरकत किसी को भी बर्दाश्त नहीं होगी। यही कारण है कि अरविंद चोटिया नाम के एक यूजर ने एक्स पर लिखा, ÷पश्चिम का विकास जरूर हुआ, लेकिन सभ्यता नहीं आई। जिसे सिर-माथे पर रखा जाता है, उसे पैरों तले देखकर अफसोस तो होगा ही, लेकिन करें क्या?



## उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ छठ पर्व का समापन

**रायपुर/ बलौदाबाजार,20 नवंबर।** आस्था का पर्व छठ पूजा के चौथे दिन उदय होते सूर्य की पूजा कर अर्घ्य देने बड़ी संख्या व्रती महिला और पुरुष पहुंचे. तड़के तालाब में आकार सूर्य देव को अर्घ्य देकर संतान के स्वस्थ दीर्घायु जीवन और अखंड सौभाग्य की कामना करते हुए परिवार की खुशहाली के लिये भगवान सूर्य से प्रार्थना की. इसके साथ ही छठ महापर्व का समापन हो गया.

चार दिनों तक चलने वाले व्रत का प्रारंभ खरना से प्रारंभ होता है और 36 घंटे का निर्जला व्रत रख अस्ताचल सूर्य की पूजा और उदयाचल सूर्य की पूजा कर व्रत पूरा किया जाता है. उत्तर भारत के इस प्रमुख त्योहार को आज पूरे विश्व में मनाया जाता है. जिसपर श्रद्धालुओं का कहना है कि छठी मइया हमारे परिवार की रक्षा करती है और हर संकट को दूर करती है.

## राहत व बचाव कार्यों पर मोदी ने धामी से की बात

**नई दिल्ली,20 नवंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से टेलीफोन पर बातचीत की और राहत एवं बचाव कार्यों के बारे में जानकारी ली। कार्यालय के बयान में कहा गया कि पीएम मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा आवश्यक बचाव उपकरण और संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उत्तराखंड के उत्तरकाशी में फंसे 41 मजदूरों को बचाने के प्रयासों को एक सप्ताह पूरा हो गया है और अधिकारी उन्हें बचाने के लिए रणनीति तैयार कर रहे हैं। इस बीच, मुख्यमंत्री कार्यालय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से टेलीफोन पर बातचीत की और राहत एवं बचाव कार्यों के बारे में जानकारी ली। कार्यालय के बयान में कहा गया कि पीएम मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा आवश्यक बचाव उपकरण और संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। केंद्र और राज्य एजेंसियों के बीच आपसी समन्वय से श्रमिकों को सुरक्षित निकाला जाएगा। मनोबल बनाए रखने की जरूरत है। इंटरनेशनल टनलिंग अंडरग्राउंड स्पेस प्रोफेसर के अध्यक्ष, अर्नोल्ड डिक्स और भारी मशीनें सोमवार को सिल्क्यारा सुरंग में पहुंचीं, क्योंकि फंसे हुए पीड़ितों को बाहर निकालने के लिए बचाव अभियान चल रहा है। अर्नोल्ड डिक्स ने कहा कि हम उन लोगों को बाहर निकालने जा रहे हैं। यहां बहुत बढ़िया काम हो रहा है। हमारी पूरी टीम यहां है और हम इसका समाधान ढूंढेंगे और उन्हें बाहर निकालेंगे। यहां बहुत काम हो रहा है। यह महत्वपूर्ण है कि न केवल बचाए गए लोग सुरक्षित रहें। पूरी दुनिया मदद कर रही है। यहां की टीम शानदार है। योजनाएं शानदार दिख रही हैं। काम बहुत व्यवस्थित है। भोजन और दवाएँ ठीक से उपलब्ध कराई जा रही हैं।सुरंग में फंसे मजदूरों तक खाना और पानी पहुंचाने के लिए अधिकारियों ने करीब 40 मीटर तक 6 इंच की पाइपलाइन बिछाई है। बचाव प्रयास रोक दिए गए क्योंकि एजेंसियां अगले चरण की तैयारी कर रही थीं, जिसमें 41 लोगों तक पहुंचने के लिए विभिन्न तरीकों का उपयोग करना शामिल था। अधिकारियों ने दावा किया कि सुरंग में नीचे एक ऊर्ध्वाधर शाफ्ट बनाने के लिए पहाड़ी की चोटी तक एक सड़क एक ही दिन में बनाई गई थी।



## बाबा तो अब मुख्यमंत्री नहीं बनेंगे : केदार

**रायपुर,20 नवंबर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 होने के बाद परिणाम को लेकर राजनीतिक गलियारे में सियासत तेज है. राजनीतिक दल अपने-अपने जीत एक दावा कर रहे हैं. वहीं उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव के अगले चुनाव नहीं लड़ने की बात पर भाजपा प्रवक्ता केदार गुप्ता ने बयान दिया है. टीएस सिंहदेव के दुखी होने का समय जनता ने तय कर दिया है. इसके साथ ही उन्होंने कांग्रेस की समीक्षा बैठक पर भी तंज कसा है. टीएस सिंह देव के सीएम नहीं बना तो चुनाव लड़ने का कोई औचित्य नहीं के बयान पर बीजेपी प्रवक्ता केदार गुप्ता ने कहा कि टीएस सिंहदेव के दुखी होने का समय जनता ने तय कर दिया है. कांग्रेस की सरकार को जड़ समेत मतदाता छ्ग से उखाड़ के फेंक रहे हैं. बाबा तो मुख्यमंत्री अब बनेंगे नहीं, बाबा कांग्रेस के अच्छे नेता रहे हैं. हम चाहेंगे कि नेता प्रतिपक्ष बनकर हमारे साथ रहे. भाजपा की सरकार बन रही हैं. अच्छा विपक्ष होगा तो काम करने मे आनंद आता हैं. कांग्रेस की समीक्षा बैठक पर केदार गुप्ता ने कहा कि हमलोग तो देख रहे की कांग्रेस में कितना अंतर्कलह है. पार्टी कई टुकड़ों में बट चुकी है. मुझे लगता है कांग्रेस की समीक्षा ही छ्ग का एक्जिट पोल है. जो बता रहा कि कांग्रेसी को जनता ने ठुकरा दिया है. ये आपस में भी लड़ हैं. इनका सर्वनाश, सत्यानाश तय हैं. बीजेपी विपक्ष में हैं लेकिन आजतक कोई गंभीर शिकायत नहीं आई. कुछ शिकायत आई तो आपस में बैठ के सुलझा लेंगे. कांग्रेस में तो चुनाव के बाद अभी परिणाम नहीं आए हैं सिर फुटव्वल हैं. 50 सीटों पर महिला के अधिक वोट पर कांग्रेस के बयान पर केदार गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में सबसे ज्यादा प्रताड़ित महिला और युवा रहे हैं. युवाओं को नग्न प्रदर्शन करना पड़ा, नारियों के साथ लगातार सामुहिक बलात्कार की घटनाये हुई. महिलाएं तनाव में थी, गुस्से में थी,शराबबंदी का वादा किया था वो भी पूरा नहीं किया. बीजेपी ने कहा नारियों का सम्मान करेंगे, 12 हजार रुपये का आर्थिक सहयोग करेंगे. इसलिए नारियों ने बीजेपी को बढ़-चढ़ कर वोट किया है. बीजेपी की सरकार बनेगी ये बात तय हैं.



## छठ घाट से घर लौटे युवक की चाकू मारकर हत्या

**भिलाई नगर,20 नवंबर।** खुर्सीपार थाना क्षेत्र के अंतर्गत मिनी माता नगर में रात्रि 9.00 बजे के करीब चाकू मार कर 22 साल के युवक की हत्या कर दी गई हत्या के करणो का पता नहीं चल पाया है खुर्सीपार थाना क्षेत्र में छठ मनाकर लौटे 23 वर्षीय विजय पासवान की उसके पड़ोसी भूषण साहू ने हत्या कर दी। विजय रविवार शाम को छठ मनाकर घर लौटा था। इसके बाद वो कबीर मंदिर जैतखंब के पास टहलने गया था।इसी दौरान भूषण ने कटर से उसका गला काट कर वारदात को अंजाम दिया है हत्या की वारदात में जिस आरोपी की संलिप्त सामने आई है उक्त आरोपी पूर्व में भी हत्या के आरोप में जेल की हवा खा चुका है खुर्सीपार थाना प्रभारी निरीक्षक उम्मेद कुमार टंडन ने हत्या की वारदात की पुष्टि की है उन्होंने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है यह अभी नहीं बताया जा सकता की हत्या की वारदात में कितने आरोपी थे। हत्या की वारदात में जुगनू नामक आरोपी की पुलिस ने शहर से भागने के पहले ही हिरासत में ले लिया है एक अन्य आरोपी भूषण जिसकी तलाश की जा रही है पुरानी रंजिश पर से वारदात को अंजाम दिया गया है पुलिस के अनुसार मृतक का नाम विजय पासवान बताया जा रहा है पुलिस एवं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रात्रि 9ः00 बजे के करीब मिनी माता नगर में 22 साल की युवक विजय पासवान की की चाकू घोपकर हत्या कर दी गई वारदात की जानकारी लगते ही पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और आरोपी के संबंध में जानकारी मिलते ही चारों ओर नाकाबंदी की गई है बताया जाता है कि इस हत्या की वारदात में जिस आरोपी की संलिप्त सामने आ रही है। उक्त आरोपी पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र के अंतर्गत हथखोज के पार्षद की हत्या की वारदात में शामिल था और जेल की हवा खा चुका है फ़िलहाल उपरोक्त आरोपों जमानत पर जेल से बाहर है पुलिस में हत्या की वारदात में शामिल जुगनू नामक आरोपी को सर से बाहर भगाने के पहले ही भाग दौड़ करके गिरफ्तार कर लिया है वही वारदात में शामिल एक अन्य आरोपी भूषण की सरगर्मी से तलाश की जा रही है हत्या के करणो का फिलहाल पता नहीं चल पाया है






## फिशिंग हार्बर में 25 नाव जलकर खाक

**विशाखापत्तनम 20 नवंबर।** आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम शहर में मौजूद फिशिंग हार्बर में आज बड़ा हादसा हुआ है. यहां फिशिंग हार्बर पर भीषण आग लग गई, जिसकी वजह से बंदरगाह पर खड़ी 25 मैकेनाइज्ड फिशिंग बोट्स जलकर राख हो गईं. आग लगने की शुरुआत रविवार देर रात हुई, जो सोमवार तड़के तक जारी रही है. इस पूरी घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें नावों को जलते हुए देखा जा सकता है. बंदरगाह पर मौजूद स्थानीय मछुआरों ने आग लगने के बाद तुरंत स्थानीय पुलिस को फोन किया और घटना की जानकारी दी. मछुआरों ने बताया कि आग लगने की शुरुआत एक नाव से हुई, जो देखते ही देखते अन्य नावों तक फैल गई. आग इतनी तेजी से इसलिए फैली, क्योंकि जिस नाव पर आग लगी, उसके आस-पास अन्य नावों ने लंगर डाला हुआ था. इसने आग को तेजी से फैलने में मदद की. ज्यादातर नावें लकड़ी से बनी हैं या फिर उनमें प्लास्टिक था, जिससे आग और फैली. जानकारी के मुताबिक ये नावें लकड़ी से बनी हैं, जिनमें प्लास्टिक का इस्तेमाल किया गया है। इस कारण आग तेजी से फैली। हालांकि अबतक यह पता नहीं चल सका है कि आखिर एलपीजी सिलेंडर में धमाका क्यों हुआ।

## करतारपुर साहिब में शराब और नॉनवेज पार्टी

### पाकिस्तान की नापाक हरकत से आगबबूला हुआ हिंदुस्तान

**नई दिल्ली,20 नवंबर।** करतारपुर साहिब गुरुद्वारा परिसर में एक कथित डांस पार्टी का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद विवाद छिड़ गया है। बीजेपी नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने करतारपुर साहिब गुरुद्वारा प्रशासन पर डांस पार्टी के आयोजन को लेकर सिखों की भावनाओं का अनादर करने का आरोप लगाया है। सिरसा ने आरोप लगाया कि पार्टी में कई लोगों ने मांस और शराब का सेवन किया और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। नरोवाल में पीएमयू करतारपुर कॉरिडोर समिति ने एक नृत्य पार्टी का आयोजन किया और शराब और मांस का सेवन किया। उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। मैं इस कृत्य की कड़ी निंदा करता हूं और पाकिस्तान सरकार से उनके खिलाफ मामला दर्ज करने और उन्हें सलाखों के पीछे डालने की अपील करता हूं। सिरसा ने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए बताया कि करतारपुर गुरुद्वारा प्रशासन ने करतारपुर साहिब परिसर में डांस पार्टी आयोजित कर के गुरुद्वारे को अपवित्र किया है। इस पार्टी के आयोजन के आरोप करतारपुर साहिब कॉरिडोर में प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट के सीईओ सैयद अबू बकर कुरैशी पर लगे हैं। भारतीय सुरक्षा एजेंसी के एक सूत्र ने कहा कि श्री दरबार साहिब की दर्शनी देवरी (मेन गेट) से 20 फीट की दूरी पर आयोजित पार्टी रात 8 बजे शुरू हुई। तख्त दमदमा साहिब के जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने कहा कि ये वास्तव में दुर्भाग्यपूर्ण है। पाकिस्तान सरकार को पता होना चाहिए कि करतारपुर साहिब गुरुद्वारा हमारे लिए पूजा स्थल है। उन्हें जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। एसजीपीसी के प्रवक्ता गुरचरण सिंह ग्रेवाल ने कहा कि पूरा सिख समुदाय इस शर्मनाक घटना की निंदा करता है। पाकिस्तान सरकार को इस मामले में कार्रवाई करनी चाहिए।



### वो बड़े लीडर उनका सोचना कहना छत्तीसगढ़ के लिए मायने रखता हैः बैज

**रायपुर.** टीएस बाबा के सीएम बनने के बयान पर पीसीसी चीफ दीपक बैज का बयान सामने आया है. बैज ने कहा, वो बयान हमारे वरिष्ठ नेता का व्यक्तिगत हैं. भाजपा को मुद्दा चाहिए, वो बड़े लीडर उनका सोचना कहना छत्तीसगढ़ के लिए मायने रखता है. ये उनका व्यक्तिगत बयान है. कांग्रेस की समीक्षा बैठक को लेकर पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा दो दिनों तक समीक्षा हुई, प्रत्याशियों से चर्चा हुई. पार्टी ने बेहतर चुनाव लडा है. 2023 में कांग्रेस फिर से सरकार बना रही है. छत्तीसगढ़ में 75 प्लस सीटों पर जीत कर आएंगे.

## सुको ने बिल लटकाने पर तमिलनाडु के गवर्नर से किए तीखे सवाल

**नई दिल्ली,20 नवंबर।** विधानसभा से पारित विधेयकों को लटकाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के गवर्नर पर तीखी टिप्पणी की है। अदालत ने सोमवार को सुनवाई के दौरान कहा कि ये बिल 2020 से पेंडिंग हैं। आखिर आप इन्हें लेकर तीन दिनों से क्या कर रहे थे? केरल और पंजाब के मसले पर भी शीर्ष अदालत में ऐसे ही मामलों की सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा कि क्या गवर्नर विधानसभा को बिल वापस भेजे बिना उसे रोक कर रख सकता है। अदालत की यह टिप्पणी गवर्नर आरएन रवि की ओर से 10 विधेयकों को वापस सरकार के पास भेजने के बाद आई है। गवर्नर आरएन रवि ने जिन 10 विधेयकों को वापस लौटाया है, उनमें से 2 को तो पूर्व की एआईएडीएमके सरकार के दौर में मंजूर किया गया था। इसी को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि आखिर तीन साल से आप बिलों को क्यों दबाए बैठे थे। इनका कर क्या कर रहे थे। गवर्नर की ओर से लौटने के बाद विधानसभा ने शनिवार को स्पेशल सेशन बुलाया था। इस सत्र में सभी 10 विधेयकों को फिर से पारित किया गया और गवर्नर को वापस मंजूरी के लिए भेजा गया है। बता दें कि पंजाब के गवर्नर बनवारी लाल पुरोहित को भी बीते सप्ताह सुप्रीम कोर्ट ने नसीहत देते हुए कहा था कि सरकार के साथ मिलकर काम करें। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली बेंच ने कहा था कि गवर्नर निर्वाचित सरकार नहीं होते हैं। उन्हें सरकार के साथ मिलकर काम करना चाहिए और ऐसे मामले हम तक आने ही नहीं चाहिए। सोमवार को तमिलनाडु के मामले पर सुनवाई करते हुए बेंच ने कहा, असेंबली ने बिलों को फिर से पारित कर दिया है और गवर्नर के पास भेजा है। अब देखते हैं कि गवर्नर क्या करते हैं। इसके साथ ही बेंच 1 दिसंबर को अगली सुनवाई करने का फैसला लिया है। बेंच ने कहा कि एक बार फिर से बिल पारित होंगे तो ये मनी विधेयक के समान ही होंगे। अदालत में डीएमके सरकार ने कहा था कि गवर्नर का काम जनता के आदेश को टालने वाला है। चुनी हुई सरकार के द्वारा पारित विधेयकों को लटकाना ठीक नहीं था। यही नहीं सरकार ने कहा कि इसके लिए एक निश्चित समयसीमा होनी चाहिए, जिसमें गवर्नर बिल पास कर लें। गौरतलब है कि तमिलनाडु की तरह ही पंजाब और केरल के गवर्नरों को लेकर भी विवाद चल रहा है।



## डीआरडीओ के खास पेंट से फेल हो जाएंगे चीन और पाकिस्तान के रडार

**नई दिल्ली,20 नवंबर।** रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) की रक्षा प्रयोगशाला ने एक रडार अवशोषक पेंट विकसित किया है जो सैन्य विमानों को अपने रडार हस्ताक्षर को कम करने में मदद करेगा, जिससे उन्हें दुश्मन के रडार के खिलाफ अधिक से अधिक चुपके विकसित करने में मदद मिलेगी। कथित तौर पर पेंट का इस्तेमाल डीआरडीओ के अपने विमानों और अन्य प्लेटफार्मों पर किया जाएगा। एएनआई की रिपोर्ट के अनुसार, रडार एब्जॉर्बिंग पेंट के विकास के पीछे रक्षा प्रयोगशाला टीम के नेता डॉ नागराजन ने कहा कि स्वदेशी रूप से विकसित पेंट का उपयोग अब तक मिग -29 लड़ाकू जेट सहित भारतीय वायु सेना के प्लेटफार्मों पर किया गया है और परिणामों को उत्साहजनक बताया है। सबसे खास बात यह है कि यह पेंट रडार की किरणों को इस तरह सोख लेगा कि पता ही नहीं चलेगा कि यह कौन सा विमान है। यह पेंट फाइटर प्लेन को पूरी तरह से बदल देगा। इससे युद्ध की स्थिति में लड़ाकू विमान की पहचान नहीं हो सकेगी. इसका इस्तेमाल मिसाइलों में भी किया जा सकता है। इससे दुश्मन यह पहचानने में असमर्थ हो जाएगा कि उसकी ओर क्या आ रहा है। रक्षा प्रयोगशाला, जोधपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ आर नागराजन ने कहा कि इस पेंट का इस्तेमाल भारतीय वायुसेना के मिग-29 लड़ाकू विमानों में किया गया है। प्रभाव अद्भुत था। डॉ आर नागराजन ने कहा कि दुनिया के कई देशों में इस तरह के पेंट हैं लेकिन वे इसे साझा नहीं करते हैं। ऐसे में ये उपलब्धि बेहद खास हो जाती है। इसका इस्तेमाल भारतीय वायुसेना के पास कई बेहतरीन रक्षा संपत्तियों में किया जा सकता है।



# उगते सूर्य को अर्घ्य देकर छठ-व्रत का समापन



**भोर सुबह से तालाब घाटों पर उल्लास का वातावरण**

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**भिलाई, 20 नवंबर।** सूर्य उपासना का सूर्य षष्ठी व्रत पारंपरिक उल्लास और धार्मिक विधि-विधान के साथ आज संपन्न हो गया। पूरे चार दिनों से छठ पर्व को लेकर व्रतियों ने पूजा-उपवास की कठिन साधना की। शुक्रवार को नहाय खाय के साथ शुरू हुए लोक आस्था के इस पर्व के दूसरे दिन शनिवार को खरना प्रसाद के साथ ही निर्जला व्रत प्रारम्भ हुआ। तीसरे दिन रविवार को तालाब घाटों एवं अन्य स्थलों पर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर व्रती छठी मैया के भक्ति डूबे रहे एवं आज सोमवार को भोर सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर इस महापर्व का समापन हुआ। रात्रि के अंतिम प्रहर से ही लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर हलचल प्रारम्भ हो गयी। घरों से लेकर तालाबों तक भक्ति एवं संगीतमय वातावरण ने सूर्य षष्ठी व्रत के पूरे माहौल को कल संध्या की तरह फिर से जगमग कर दिया था। आज भोर सुबह से ही शहर के छठ तालाबों पर लोगों का पहुंचना शुरु हो गया था। तालाब घाटों पर पूजा-पाठ एवं अर्घ्य देने के लिए घरों से सिर पर दौरा में पूजा सामग्री लिए बजे-गाजे और धूम-धड़ाके के साथ लोग पैदल और वाहनों से घाटों पर पहुँच रहे थे। तालाब घाटों पर भारी भीड़ जुटी, जहाँ नगर निगम से लेकर स्वयंसेवी संस्थाओं ने लोगों की सहूलियत के लिए अच्छे व्यवस्था कर रखी है। फ्री में जलपान की भी व्यवस्था की गयी थी साथ ही मंचीय सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये गए। मेला का नजारा देखने को मिला। तालाब के पानी में कमर तक खड़े होकर सूर्यदेव को अर्घ्य देकर संतान एवं परिवार की समृद्धि के लिए पूजा पाठ के साथ ही पारम्परिक छठ गीतों से घाट गुंजायमान है।



**पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय ने तालाब घाटों पर जाकर दी शुभकामनाएं**

पूर्व विधान सभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय ने तालाब घाटों पर जाकर छठ की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उनके साथ अनेक लोग शामिल थे। सेक्टर-2 तालाब पर उत्तर भारतीयों ने उनका स्वागत किया। पूर्व कैबिनेट मंत्री पांडेय ने इस अवसर पर छठ पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छठी मैया सबके घरों में शांति एवं सुख-समृद्धि दें।

## एक नजर

### दो थाना क्षेत्र में दो बड़ी चोरी

**भिलाई,20 नवंबर।** भिलाई शहर में चोरियां थमने का नाम नहीं ले रही है। एक बार फिर दो थाना क्षेत्रों में दो बड़ी चोरियां हो गई। एक व्यापारी व दूसरा राजस्व निरीक्षक के घर चोरों ने धावा बोलकर लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवरात व नगद पार कर दिये पुलिस मामले में चोरों की तलाश कर रही है पुलिस ने बताया कि पानी टंकी के पीछे वार्ड नबंर 56 कृष्णा नगर बघेरा दुर्ग निवासी मूलचंद सोनबोइर (53 वर्ष) नजूल विभाग में राजस्व निरीक्षक के पद पर कार्यरत है उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 13 नवबंर की शाम 4 बजे घर का ताला लगाकर अपने गृहग्राम गंधरी जिला बालोद त्यौहार मनाने परिवार के साथ गया था 15 नवबंर को परिवार के साथ वापस घर आया तो घर के दरवाजे को अज्ञात व्यक्ति ने जला दिया था बेडरूम के आलमारीका लॉकर टूटा था आलमारी में रखे सोने का रानी हार वजनी करीब 3 तोला, सोने का चेन वजनी आधा तोला, सोने का झुमका वजनी 1 तोला, चांदी का करधन वजनी 20 तोला, चांदी का पैरपटटी वजनी 10 तोला चोरी कर ले गया है कुल कीमत 1.20 लाख रुपए आंकी गई है वहीं दूसरी ओर मोहन नगर थाना अंतर्गत सिकोला भाठा निवासी प्रार्थी कैलाश गर्ग ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि वह घर में ताला लगाकर बाहर गए हुए थे अगले दिन सुबह घर पहुंचा तो मेन गेट का ताला टूटा मिला अंदर जाकर देखा तो आलमारी के लॉकर का ताला टूटा मिला लॉकर में रखी नगदी समेत सोने के गहने भी गायब थे।

### बीएसपी कर्मी को ट्रक ने कुचला

**भिलाई,20 नवंबर।** भिलाई खुर्सीपार थाना क्षेत्र बीती रात बीएसपी में काम करने वाले कर्मी को एक तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया इस घटना में उसकी मौके पर ही मौत हो गई शव को मरच्युरी में रखवाने के बाद उन्होंने खुर्सीपार थाने में मामले की शिकायत दर्ज कारई है पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है पुलिस ने बताया कि रात 10 बजे सूचना मिली थी कि खुर्सीपार गेट के पास बालाजी नगर वार्ड 45 खुर्सीपार निवासी आर कोटेश्वर राव ( 50 साल ) की दुर्घटना में मौत हुई है जब तक परिजन मौके पर पहुंचे शव को पुलिस की मदद से लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला भेजा जा चुका था वहां जाने पर पता चला कि शव को मरच्युरी में शिफ्ट किया गया है दूसरे दिन परिजन खुर्सीपार थाने पहुंचे हादसा हाइवे साइड पर होने से तुरंत पुलिस की टीम वहां पहुंच गई पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया।

### अभिषेक को पकड़ने टीम गठित

**भिलाई,20 नवंबर।** भिलाई सराफा व्यापारी की हत्या कर लूट की वारदात को अंजाम देने वाला अभिषेक जेल प्रहरियों को चकमा देकर जिला अस्पताल से भाग गया।



उसको पकड़ने के लिए पुलिस ने एक स्पेशल टीम का गठन किया है एक टीम जल्द ही आरोपी की तलाश के लिए बिहार जाएगी पुलिस ने बताया कि अनुपम उर्फ अभिषेक झा मूलरूप से बैकुंठपुर वैशाली बिहार का रहने वाला है। फिलहाल वह धनेली मुजगहन जिला रायपुर में रह रहा था। अक्टूबर माह वर्ष 2022 में अमलेश्वर के सराफा व्यापारी की हत्या कर लूट की वारदात को अंजाम दिया। इस मामले में आरोपी के खिलाफ रायपुर में भी प्रकरण दर्ज हैं। 15 नवंबर को पेट दर्द होने पर अभिषेक को अस्पताल लाया गया, जहां उसके तीन साथियों ने प्रहरी गीता खुंटे एवं राजू लाल वर्मा से मारपीट की और उनका मोबाइल लूट कर भाग गए प्रकरण में अपराध दर्ज कर दो अलग-अलग टीमों को गठित किया गया है बताया कि दो टीमों में से एक टीम को बिहार रवाना किया जा रहा है। साथ ही दूसरी टीम उसके साथियों के संबंध में खोजबीन में जुटी है। वहीं प्रकरण में सिटी कोतवाली दुर्ग पुलिस ने धारा 224, 392 के तहत अभिषेक और उसके साथियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है।

### ओपन जिम में मलबे से परेशानी

**जांजगीर ।** नगर के बीडीएम गार्डन में इन दिनों ओपन जिम करने वाले लोगों को मिट्टी-मलबा के ढेर का सामना करना पड़ रहा है। ओपन जिम के चारों ओर मिट्टी का ढेर डंप कर दिया गया है। ऐसे में ओपन जिम का उपयोग करना लोगों को मुसीबतों भरा लग रहा है। लोगों को समझ नहीं आ रहा है कि आखिर ओपन जिम परिसर को डंपिंग यार्ड क्यों बना दिया गया है। गौरतलब है कि शहर के बीडीएम गार्डन के अंदर ओपन जिम का निर्माण कराया गया है जो इन दिनों मिट्टी डंपिंग यार्ड की तरह नजर आ रहा है। क्योंकि पूरे परिसर में जगह-जगह मिट्टी का ढेर लगाकर छोड़ दिया गया है। ऐसे में सुबह-शाम गार्डन में ओपन जिम में पहुंचने वाले लोगों के लिए यह मुसीबत साबित हो रही है। ओपन जिम पहुंचने तक रास्ता नहीं है। दरअसल, बताया जा रहा है कि ओपन जिम परिसर बारिश के दिनों में कीचड़ में तब्दील हो जाता है। ऐसे में पूरे परिसर में मिट्टी फिलिंग की जाएगी। इसके लिए यहां मिट्टी का ढेर लगाया जा रहा है। इसके लिए पहले ओपन जिम में लगे ।

## बीएसपी ने साबरमती स्थित फ्लैश बट वेल्डिंग प्लांट से लम्बे रेल पैनल का पहला रेक भेजा

**भिलाई, 20 नवंबर।** भारतीय रेलवे द्वारा लंबे वेल्डेड रेल पैनल की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए भारतीय रेल की यह वेल्डिंग प्लांट भिलाई इस्पात संयंत्र, यूनिवर्सल रेल मिल व रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल से लंबे रेल पैनल की आपूर्ति को बढ़ाएगी। भारतीय रेलवे की इस बढ़ी हुई मांग को पूरा करने के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु, सेल ने 13 और 26 रूलंबी रेल को 260 रूलंबे रेल पैनलों में वेल्डिंग करने के लिए साबरमती, अहमदाबाद में भारतीय रेलवे की फ्लैश बट वेल्डिंग प्लांट सुविधा का उपयोग करने का प्रस्ताव रखा। 26 दिसंबर, 2022 को भारतीय रेलवे के साथ एक एमओयू साइन किया गया और उसके बाद सेल-बीएसपी ने पश्चिमी रेलवे के साबरमती वेल्डिंग प्लांट का अधिग्रहण कर लिया। प्लांट कमीशनिंग स्टेज पर था और कई चुनौतियों पर काबू पाने के बाद, 18 अक्टूबर, 2023 को एफबीडब्ल्यूपी-साबरमती से वाणिज्यिक उत्पादन शुरू हुआ7 वेल्डिंग के लिए इनपुट रेल की आपूर्ति



बीएसपी के रेल और स्ट्रक्चरल मिल से की गई7 6 नवंबर, 2023 को साबरमती स्थित फ्लैश बट वेल्डिंग प्लांट से पहला 260 रूरेल पैनल रेक भेजा गया। प्लांट को कमीशन करने, वेल्डिंग मापदंडों के मानकीकरण और एफबीडब्ल्यूपी साबरमती प्लांट को शुरू करने के लिए बीएसपी और आरडीसीआईएस-रांची की टीमों को तैयार किया गया था। मुख्य महाप्रबंधक हेमन्त पाठक, मुख्य महाप्रबंधक (कॉर्पोरेट कार्यालय) श्री पंकज पुरी, महाप्रबंधक (यूआरएम) रजत मुखर्जी, महाप्रबंधक (आरएसएम) प्रशांत लाखे, महाप्रबंधक (आरसीएल) श्री के वी शंकर, महाप्रबंधक (सी एम ओ) साई नटेश, महाप्रबंधक (आरडीसीआईएस) संजीव कुमार और प्रबंधक (आरसीएल) कुमार सौरभ ने साबरमती स्थित फ्लैश बट वेल्डिंग प्लांट का स्थायीकरण करने, वाणिज्यिक उत्पादन शुरू करने और एफबीडब्ल्यूपी-साबरमती से पहली रेक भेजने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सेल के सेंट्रल मार्केटिंग आर्गेनाइजेशन (सी एम ओ) ने भी साबरमती स्थित इस प्लांट की स्थापना हेतु अहम सहयोग किया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि में शामिल टीमों को बधाई देते हुए भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता और कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार ने इसकी सराहना की। उन्होंने साबरमती में शामिल बीएसपी टीम को बधाई दी और उन्हें संयंत्र की मापित क्षमता हासिल करने टीम भावना को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। सेल की ओर से एफबीडब्ल्यूपी साबरमती परियोजना के नोडल अधिकारी और मुख्य महाप्रबंधक अनीश सेनगुप्ता ने, बीएसपी और साबरमती रेलवे टीम को बधाई दी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह उपलब्धि सभी सम्बंधित विभागों के आपसी सहयोग और टीम वर्क से संभव हुई है। उन्होंने सेल को 260 एम वेल्डेड पैनल के निर्माण हेतु साबरमती संयंत्र को संचालित करने का अवसर प्रदान करने के लिए भारतीय रेलवे का भी आभार व्यक्त किया। साबरमती सुविधा से सालाना 1 लाख टन 260 रूवेल्डेड पैनल का उत्पादन सम्भावित है। यह उपलब्धि न केवल सेल-बीएसपी की उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है, बल्कि देश की रेल विनिर्माण क्षमताओं में एक बड़ी छलांग का भी प्रतीक है। साथ ही सेल और भारतीय रेलवे के बीच घनिष्ठ सहयोग को भी दर्शाता है।

## चुनाव के दौरान कोई अपराध नहीं

**भिलाई,20 नवंबर।** दुर्ग जिला सहित अन्य शहरों में दूसरे चरण का विधानसभा चुनाव संपन्न हो गया है। मतदान के दिन तथा उसके दूसरे दिन थानों में एफआईआर दर्ज कराने कोई नहीं आया। यानी अपराध के लिहाज से शांति रही। शुक्रवार तथा शनिवार को दुर्ग जिले के अलग-अलग थानों में एक दर्जन एफआईआर लिखी गई है। थानों में जो एफआईआर दर्ज की गई है वे भी सामान्य मारपीट, चोरी और एक्सीडेंट के मामले हैं सीजी पुलिस के ऑनलाइन एफआईआर पोर्टल में दर्ज शिकायतों के मुताबिक जिले के 23 थाना क्षेत्रों में दो दिन में 19 दर्ज किए गए हैं। इनमें ज्यादातर छिटपुट मारपीट के मामले दर्ज किये गए हैं। वहीं चुनावी समर के बीच थानों में फरियादियों की आमद भी कम रही। बता दें कि चुनाव के चलते सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस की तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। पुलिस की सख्ती का दिखा असर पुलिस अधिकारियों के अनुसार आचार संहिता लगने के बाद बदमाशों की धरपकड़ तेज कर दी गई थी। चुनाव के दौरान किसी भी तरह से गड़बड़ी को रोकने पुलिस ने ज्यादातर बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस अफसरों के मुताबिक इस वजह से भी अपराधों में अकुंश लगा है। वहीं बीते तीन महीनों में अपराध के ग्राफ में गिरावट आई है अपराध के आंकड़े ः मारपीट के अंडा, भिलाईनगर, पद्मनाभपुर व धमधा थाना में 2-2 मामले, पुरानी भिलाई, जामुल, नंदिनी, पाटन, पुलगांव, सुपेला थाने में 1- 1 मामले दर्ज किए गए हैं। वहीं दुर्घटना के भिलाईनगर, कुम्हारी व पुलगांव थाने में 1-1 मामले दर्ज हुए हैं। इसी प्रकार चोरी के 1-1 मामले कुम्हारी व पुलगांव थाने में दर्ज हुए हैं

**पेंडिंग मामलों की जांच में आएगी तेजी**-चुनाव में सुरक्षा इंतजाम को देखते हुए पुलिस ठगी सहित चोरी सहित अन्य गंभीर धाराओं में दर्ज अपराध के मामलों की पड़ताल नहीं कर पा रही थी। चुनाव संपन्न होने के बाद पेंडिंग मामलों की जांच में तेजी आने की बात पुलिस अधिकारी कह रहे हैं। इसके साथ ही ऑनलाइन ठगी के मामलों में भी पुलिस तहकीकात करेगी।

## लोगों के लिए परेशानी का कारण बने नगर के रेल फाटक

**कोरबा,20 नवंबर।** लंबे समय से प्रशासन, नगर निगम और रेलवे की ओर से केवल रेल फाटकों से जुड़ी समस्याओं को लेकर प्रस्ताव बनाने और सर्वे कराने का काम ही किया जा रहा है। परिणाम अभी भी नजर नहीं आ रहे हैं। यात्री और मालगाडियों के आने-जाने के दौरान दिन भर में अनेक मौकों पर बंद होने वाले फाटक अब हर किसी के लिए सिरदर्द साबित हो रहे हैं।किसी तरह नगर में एकमात्र फ्लाईओवर मुख्य मार्ग पर दो दशक पहले बना जिसकी उपयोगिता अभी बहुत ज्यादा साबित नहीं हो सकी है लेकिन इतना जरूर है कि शहर के भीतर से वाहनों के दबाव को कुछ कम किया गया है। लेकिन वर्तमान में इमलीडुग्गू, संजय नगर और डीएसपीएम चौराहे पर समस्या को हल करने के लिए फ्लाईओवर और अंडर ब्रिज की जरूरत महसूस की जा रही है। पिछले कुछ वर्षों से लगातार इस तरफ न केवल बात हो रही है बल्कि अलग-अलग स्तर पर योजना बनाने के साथ सर्वे भी कराए जा रहे हैं। डीएसपीएम चौराहे की रेलवे क्रासिंग से जुड़ी समस्या और इसके कारण चार दिशाओं में होने वाली जनता की परेशानी को ध्यान में रखते हुए वाय आकार के फ्लाई ओवर के निर्माण का विचार किया गया। नगर निगम लगातार इस दिशा में सर्वे कराने पर भारी भरकम धनराशि खर्च कर रहा है। चुनावी वर्ष से पहले यहां तक प्रचारित किया जा चुका है कि रेलवे और राज्य शासन की भी भागीदारी के साथ फ्लाईओवर को तैयार कराया जाएगा। लोगों को दिखाने के लिए मिट्टी परीक्षण की कार्रवाई भी कर ली गई और इसके माध्यम से यह तय किया गया कि निचली सतह वाकई कितनी मजबूत है और तैयार होने वाली संरचना का भविष्य बेहतर होगा। इसके ठीक उल्टे संजय नगर रेलवे क्रासिंग के मामले में कई प्रकार की तकनीकी उलझने बताई जा रही है। नजदीक से बहने वाली हसदेव बांयी तट नहर के चलते किसी प्रकार के निर्णय नहीं हो सके हैं उल्टे अब क्रासिंग की सडक़ के पास रेलवे ने ओवरहेड लगाकर इसके दायरे को सकरा कर दिया है। वहीं इमलीडुग्गू रेलवे क्रासिंग से संबंधित समस्या के लिए न तो पहल हुई है और न तो काम। इन सबसे अलग इमलीछापर कुसमुंडा में ओवरब्रिज का काम शुरू कराया गया है।

### जाम से मुक्ति केवल सपना

कोरबा क्षेत्र में ऐसा कोई रास्ता नहीं बचा है जो जाम के चक्कर में हर किसी को परेशान कर रहा है। कोयला और राखड़ ट्रांसपोर्टिंग के अलावा दूसरे वाहनों के चलते इस तरह की समस्याएं हर कहीं पेश आ रही है। कुछ दलों ने चुनाव में इसे मुद्दे के रूप में प्रस्तुत किया।

## छठ महापर्व पर ठौर तालाब पहुंचे पूर्व पालिकाध्यक्ष रेखराम बंछोर



**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**जामुल,20 नवंबर।** छठ महापर्व के शुभ अवसर पर आज जामुल ठौर तालाब पर जामुल के व्रती, एवं नागरिकों की अपार श्रद्धा एवं उत्साह दिखा, इस अवसर पर जामुलपालिका के पूर्व अध्यक्ष श्री रेख राम बन्छोर जी, उपस्थिति थे, जिनका हमेशा इस पर्व के प्रति सहयोग एवं आस्था रहती है, परिणाम स्वरूप आज जामुल में काफी व्रतियों एवं भक्तो की भीड़ बढ़ती जा रही है है, इस अवसर पर पूर्व पार्षद श्री मेघनाथ जी, ओमप्रकाश मौर्या जी, पंडित राकेश शर्माजी, अनिल प्रसाद, राजेश्वर प्रसाद, रंजीत मौर्या, रवि चौधरी, स्वराज प्रसाद, आदित्य चौधरी, अभिषेक अग्रवाल, अर्पित सिंह, गौरव प्रसाद, अनिल राय, राजेश मौर्या, लक्ष्मी प्रसाद चौधरी, सोनू कुशवाहा, विजय एवं समस्त नागरिक गण इस अवसर पर उपस्थित थे ।

## धान कटाई के लिए मजदूर नहीं मिलने से हार्वेस्टर का किया जा रहा उपयोग

**बिर्रा ।** क्षेत्र में धान कटाई का काम जोर पकडऩे लगा है। धान के साथ अब हाइब्रिड एचएमटी धान देर से पकाने वाली धान की कटाई भी शुरू हो गई है किसान सुबह से शाम तक खेतो में नजर आने लगे है। गांव में अधिकांश किसान देर से पकने वाले धान स्वर्णा धान की बोवाई करते हैं। वहीं कुछ गांव में जहां सिंचाई नहर से होती है तथा स्वयं के सिंचाई का साधन हैं ऐसे किसान समय से पहले ही धान की बोआई पूरी कर लेते है। इन फसलों की कटाई अब शुरू हो गई है। वही देर से पकने वाले धान की कटाई भी कुछ गावों में शुरू हो गई है। बिर्रा क्षेत्र के तालदेवरी, करनोद, नकटीडीह, सिलादेही, सोनादह में धान कटाई का काम जोर पकडऩे लगा है। धान कटाई के बाद किसान ट्रैक्टर या अन्य साधन से फसल



को खलिहान तक पहुंचाने में जुटे हुए हैं। किसान सुबह घर से निकल रहे हैं तो दिन ढलने के बाद ही घर पहुंच रहे हैं। किसानों ने बताया कि पौधों के अधिक सूखने से कटाई में देरी आती है। धान पक कर तैयार होने के बाद कटाई करना उपयुक्त है। मजदूरी दर बढऩे से किसानों की परेशानी कटाई करने वाले मजदूर के द्वारा प्रत्येक वर्ष मजदूरी बढ़ाई जाने से किसान भारी परेशान है। क्षेत्र के किसानों ने बताया कि 200 ङ्क 250 सौ रुपए मजदूरी चलने के बाद भी मजदूर नहीं मिल रहे हैं। किसान बुधराम पटेल ने बताया कि मजदूर शुरुआत से अपने फसल की कटाई कर लेते हैं इसके। बाद ही दूसरों के खेतों में मजदूरी करने जाते हैं। वही आने वाले समय में मजदूरी और इजाफा होने की संभावना है। धान कटाई और मिजाई के लिए कंबाइन हार्वेस्टर पंजाब हरियाणा से पहुंच रहे हैं। इसमें मजदूरों की अपेक्षा कटाई सस्ते में होता है और किसान सीधे धान को खेत से खलिहान ले जाने के बजाय खरीदी केंद्र में ले जाते हैं। क्षेत्र में कुछ किसानों ने हार्वेस्टर खरीद लिया है। इसका प्रयोग स्वयं की खेती के अलावा दूसरों के खेतों में धान कटाई व मिजाई में करते हैं। हार्वेस्टर से धान कटाई करने पर चारा खेत में ही रह जाता है इससे किसानों को मवेशियों को खिलाने के लिए चारा नहीं मिल पाता। लेकिन इससे समय व पैसों की बचत होती है। इसके अलावा इन दिनों थ्रेसर का प्रयोग कटाई एवं मिजाई के लिए बढ़ गया है। हालांकि अभी खेतों तक पहुंचने का रास्ता नहीं मिलने व नमी के चलते हाथों से कटाई अधिक हो रही है।

## क्षतिग्रस्त वैगनों को हटाने में जुटा अमला

**बिर्रा ।** क्षेत्र में धान कटाई का काम जोर पकडऩे लगा है। धान के साथ अब हाइब्रिड एचएमटी धान देर से पकाने वाली धान की कटाई भी शुरू हो गई है किसान सुबह से शाम तक खेतो में नजर आने लगे है। गांव में अधिकांश किसान देर से पकने वाले धान स्वर्णा धान की बोवाई करते हैं। वहीं कुछ गांव में जहां सिंचाई नहर से होती है तथा स्वयं के सिंचाई का साधन हैं ऐसे किसान समय से पहले ही धान की बोआई पूरी कर लेते है। इन फसलों की कटाई अब शुरू हो गई है। वही देर से पकने वाले धान की कटाई भी कुछ गावों में शुरू हो गई है। बिर्रा क्षेत्र के तालदेवरी, करनोद, नकटीडीह, सिलादेही, सोनादह में धान कटाई का काम जोर पकडऩे लगा है। धान कटाई के बाद किसान ट्रैक्टर या अन्य साधन से फसल को खलिहान तक पहुंचाने में जुटे हुए हैं। किसान सुबह घर से निकल रहे हैं तो दिन ढलने के बाद ही घर पहुंच रहे हैं। किसानों ने बताया कि पौधों के अधिक सूखने से कटाई में देरी आती है। धान पक कर तैयार होने के बाद कटाई करना उपयुक्त है। मजदूरी दर बढऩे से किसानों की परेशानी कटाई करने वाले मजदूर के द्वारा प्रत्येक वर्ष मजदूरी बढ़ाई जाने से किसान भारी परेशान है। क्षेत्र के किसानों ने बताया कि 200 ङ्क 250 सौ रुपए मजदूरी चलने के बाद भी मजदूर नहीं मिल रहे हैं। किसान बुधराम पटेल ने बताया कि मजदूर शुरुआत से अपने फसल की कटाई कर लेते हैं इसके। बाद ही दूसरों के खेतों में मजदूरी करने जाते हैं। वही आने वाले समय में मजदूरी और इजाफा होने की संभावना है। धान कटाई और मिजाई के लिए कंबाइन हार्वेस्टर पंजाब हरियाणा से पहुंच रहे हैं। इसमें मजदूरों की अपेक्षा कटाई सस्ते में होता है और किसान सीधे धान को खेत से खलिहान ले जाने के बजाय खरीदी केंद्र में ले जाते हैं। क्षेत्र में कुछ किसानों ने हार्वेस्टर खरीद लिया है। इसका प्रयोग स्वयं की खेती के अलावा दूसरों के खेतों में धान कटाई व मिजाई में करते हैं। हार्वेस्टर से धान कटाई करने पर चारा खेत में ही रह जाता है इससे किसानों को मवेशियों को खिलाने के लिए चारा नहीं मिल पाता। लेकिन इससे समय व पैसों की बचत होती है। इसके अलावा इन दिनों थ्रेसर का प्रयोग कटाई एवं मिजाई के लिए बढ़ गया है। हालांकि अभी खेतों तक पहुंचने का रास्ता नहीं मिलने व नमी के चलते हाथों से कटाई अधिक हो रही है।

### छठ घाटों में व्यवस्था की पल-पल अपडेट लेते रहे एसपी व कोतवाल

**कोरबा।** पूरे देश में मनाये जाने वाले लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर जिले के विभिन्न छठ घाटों में पर्याप्त पेट्रोलिंग एवं पुलिस तथा रेस्क्यू व्यवस्था करने के साथ ही एसपी जितेंद्र शुक्ला एक ओर जहां पल-पल की खबरों को अपडेट लेते रहे वहीं दूसरी ओर शहर कोतवाल रूपक शर्मा तूफान वैन प्रभारी एएसआई अजय सिंह के नेतृत्व में ठाकुर घाट, पुरानी बस्ती रेत घाट, मुड़ादाई मंदिर तालाब, जेपी कालोनी छठ घाट एवं समस्त छठ घाट स्थलों पर अपने मातहतों के माध्यम से बराबर संपर्क बनाए रखते हुए मोबाइल टू मोबाइल वहां की अपडेट लेते रहे। इसके अलावा वे स्वयं पेट्रोलिंग करते देखे गए।

# पुरंदर ने कहा-मेरे कार्यकर्ता मेरे दिल की धड़कन, मुझे जीरो से बना दिया हीरो

## रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी ने कार्यकर्ता आभार कार्यक्रम का आयोजन किया

**रायपुर 20 नवंबर।** विधानसभा चुनाव संपन्न होने के एक दिन बाद ही रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी पुरंदर मिश्रा ने कार्यकर्ता आभार का आयोजन किया। उत्तर विधानसभा क्षेत्र के चारों मंडल और 22 वार्ड के कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्र के मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए पुरंदर मिश्रा ने कहा कि ये कार्यकर्ता मेरे दिल की धड़कन हैं। इन कार्यकर्ताओं ने एक माह के भीतर मुझे जीरो से हीरो बना दिया। उनके प्रयास का प्रतिफल है कि आज पूरे उत्तर विधानसभा के मतदाता मुझसे परिचित हो गए हैं। मिश्रा ने कहा कि मेरे कार्यकर्ताओं का संघर्ष सकारात्मक परिणाम लेकर 3 दिसंबर को सामने आएगा, जिसके बाद क्षेत्र के विकास की रूपरेखा मिलकर बनाएंगे और उत्तर विधानसभा क्षेत्र को प्रदेश के लिए एक मॉडल के तौर पर विकसित करेंगे।

रविवार को भाजपा प्रत्याशी पुरंदर मिश्रा ने विधानसभा चुनाव के दौरान अपनी पूरी क्षमता के साथ चुनावी रण में अपना संपूर्ण सहयोग प्रदान करने के लिए कार्यकर्ता आभार बैठक आयोजित किया। जगन्नाथ परिसर में आयोजित इस आभार प्रदर्शन बैठक में बड़ी तादाद में महिला एवं पुरुष



कार्यकर्ता शामिल हुए। इस आयोजन में भारतीय जनता पार्टी के साथ ही भारतीय जनता युवा मोर्चा और महिला मोर्चा के कार्यकर्ता भी शामिल हुए।

इस आभार प्रदर्शन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रायपुर लोकसभा के सांसद सुनील सोनी ने कहा कि प्रदेश में इस बार सर्वाधिक चर्चा की सीट उत्तर विधानसभा ही रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि रायपुर की चारों सीट में भाजपा की जीत सुनिश्चित नजर आ रही है। साथ ही कहा कि प्रदेश में 50 से अधिक सीटों के साथ भारतीय जनता पार्टी की सरकार भी बन रही है। तो भाजपा के वरिष्ठ नेता सच्चिदानंद उपासने ने कहा कि यह कार्यकर्ताओं की मेहनत के प्रति आभार व्यक्त करने का समय है। उनकी मेहनत का प्रतिफल 3 दिसंबर को भव्य विजय जुलुस के तौर पर राजधानी में नजर आएगा।

वहीं उत्तर विधानसभा के चुनाव संचालक लोकेश कावड़िया ने कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए पुरंदर मिश्रा को भावी विधायक के तौर पर शुभकामनाएं और कार्यकर्ताओं को अग्रिम बधाई दी। इस मौके पर बसना से भाजपा प्रत्याशी संपत अग्रवाल ने कहा कि पुरंदर मिश्रा का उत्तर विधानसभा से प्रत्याशी चुना जाना अप्रत्याशित नहीं, बल्कि दैवीय शक्ति की कृपा है, और जीत सुनिश्चित है।

इस आयोजन में रायपुर सांसद सुनील सोनी, वरिष्ठ भाजपा नेता सच्चिदानंद उपासने, चुनाव संचालक लोकेश कावड़िया, पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल, श्रीचंद सुंदरानी, भाजपा प्रत्याशी बसना संपत अग्रवाल, चुनाव संयोजक नलनीश ठोकने, जिला उपाध्यक्ष अकबर अली, जिला मंत्री किशोर महानंद, प्रफुल्ल विश्वकर्मा, डॉ0 प्रमोद साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष गोरेलाल नायक, संतोष साहू, अनुप खेलकर, सुनील कुकरेजा सहित बड़ी तादाद में सभी ईकाई के कार्यकर्ता मौजूद रहे, जो लगातार जोशीले अंदाज में जयघोष के नारे लगाते रहे।

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार बनेगी पुनः रोशनी वैष्णव



**राजनांदगांव 20 नवंबर।** जनपद पंचायत राजनांदगांव जनपद सदस्य रोशनी वैष्णव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में महिलाओं अनेकों योजनाएं संचालित किया भूपेश है भरोसा को चरितार्थ करते हुए 2023 विधानसभा में किसान मजदूर युवा महिलाओं ने कांग्रेस को समर्थन दिया है और कांग्रेस घोषणा पत्र लोगों तक पहुंचाने कार्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया जिसका फायदा कांग्रेस को होगा 3दिसबंर कांग्रेस छत्तीसगढ़ पुनः सरकार बनाईगी।

### 21 कोआंवला नवमी,भगवान विष्णु का विधिवत पूजन किया जाएगा

**रायपुर 20 नवंबर।** कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को आंवली नवमी का पर्व मनाया जाता है, इसे अक्षय नवमी भी कहा जाता है। मान्यताओं के अनुसार, कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि से लेकर पूर्णिमा तिथि तक भगवान विष्णु आंवला के वृक्ष में निवास करते हैं इसलिए आंवला नवमी के दिन आंवला के वृक्ष की पूजा अर्चना की जाती है, जिससे आरोग्य, सुख-शांति और अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है।

### अमेजन ग्रेट इंडियन का ग्राहक और विक्रेता उत्सव

**रायपुर 20 नवंबर।** अमेजन ने आज घोषणा की कि उसके महीने भर चलने वाले ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2023 ने देश भर में अपने ग्राहकों, विक्रेताओं और ब्रांड भागीदारों के लिए अब तक का सबसे अच्छा खरीदारी समारोह देखा है। अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2023 8 अक्टूबर से शुरू हुआ , जिसमें प्राइम अर्ली एक्सेस के 24 घंटे में, ग्राहकों को स्मार्टफोन, प्रीमियम इलेक्ट्रॉनिक्स, उच्च गुणवत्ता वाले टीवी आकर्षक किताबें, स्वास्थ्य और व्यक्तिगत देखभाल संबंधी आवश्यक वस्तुएं, फैशन आइटम, मजबूत लगेज, घर की सजावट, और फिटनेस गियर पर आकर्षक ऑफ़र के साथ शीर्ष ब्रांडों से 5,000 से अधिक नए लॉन्च तक पहुंच प्रदान की गई। 38,000 विक्रेताओं ने अपनी अब तक की सबसे अधिक एक दिन की बिक्री हासिल की और 40 लाख से अधिक नए ग्राहकों अपने पसंदीदा उत्पादों और ब्रांडों के लिए पहली बार खरीदारी की, यह अमेजन इंडिया और उसके भागीदारों के लिए अब तक का सबसे अच्छा त्योहारी सीजन था। रोमांचक बैंक छूट और अद्वितीय पुरस्कार के साथ ग्राहकों के लिए खरीदारी को अधिक किफायती बनाया गया था, जिससे ग्राहकों को आईएनआर 600 करोड़ से अधिक की बचत करने में मदद मिली।

### कौशिल्या देवी जायसवाल का दुःखद निधन

**कोरबा 20 नवम्बर।** कटघोरा के पूर्व विधायक स्व. कृष्णालाल जायसवाल (गुरूजी) की धर्मपत्नी श्रीमती कौशिल्या देवी जायसवाल, ( अम्मा जी) निवासी गांधी चैक कोरबा का 82 वर्ष की आयु में आज रविवार देर शाम देहावसान हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थीं एवं उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। वे अपने पीछे पुत्र महेन्द्र जायसवाल, सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल पार्षद एवं अध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा ग्रामीण गजेन्द्र जायसवाल, राजेन्द्र जायसवाल अध्यक्ष पत्रकार सोसायटी कोरबा पौत्र सन्नी जायसवाल सहित नाती-पोतों से भरा-पूरा परिवार रोता-बिलखता छोड़ गई हैं। उनके निधन की खबर से परिजनों सहित शुभचिंतकों एवं बस्तीवासियों में शोक की लहर दौड़ पड़ी है।

### निधन

### सुदर्शन यादव

**राजनंदगांव ।** ठेठवार पारा वार्ड नंबर 38 निवासी सुदर्शन यादव काआज 19 नवम्बर को



तकरीबन रात 10꞉00 बजे दिन रविवार को निधन हो गया। वे पिछले कई दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनकी अंतिम यात्रा कल 20 नवम्बर दिन सोमवार दोपहर 12꞉00 बजे उनके निज निवास स्थान ठेठवार पारा के पास से निकाली जाएगी। उनका अंतिम संस्कार लखोली स्थित मुक्तिधाम में किया जायेगा। वे अपने पीछे पत्नी, तीन पुत्र और एक पुत्री सहित भरापुरा परिवार छोड़कर स्वर्ग सिधार गए। ज्ञात हो कि वे प्रेस कर्मी गेंदलाल यादव के पिताजी थे।

# सांस्कृतिक विविधता हमें समृद्ध और शक्तिशाली बनाती है:राज्यपाल

## राजभवन में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया गया 17 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों का स्थापना दिवस

**रायपुर, 20 नवंबर ।** राजभवन में ''एक भारत श्रेष्ठ भारत'' कार्यक्रम के तहत आज छत्तीसगढ़ सहित 17 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन ने कहा कि सांस्कृतिक विविधता हमें समृद्ध और शक्तिशाली बनाती है।



राजभवन में राज्यपाल श्री हरिचंदन के मुख्य आतिथ्य में भारत के राज्यों क्रमशः छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, कर्नाटक, आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु, केरल, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तराखण्ड तथा झारखण्ड और केंद्रशासित प्रदेशों लद्दाख, चंडीगढ़, अण्डमान और निकोबार द्वीप, पुदुचेरी तथा लक्षद्वीप का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर शुरू की गई केन्द्र सरकार के ÷एक भारत-श्रेष्ठ भारत÷ कार्यक्रम के तहत विविधता में एकता की भावना को बढ़ावा देने के लिए सभी राज्य एक-दूसरे राज्यों का स्थापना दिवस मना रहे हैं। इसी कड़ी में राजभवन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें छत्तीसगढ़ में निवास करने वाले इन राज्यों के लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया।

कार्यक्रम में राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन ने कहा कि भारत अनेक रंगो के फूलों की माला है। हर राज्य की अपनी एक अलग पहचान है। विविधता होते हुए भी हम सब एक है। जिसके कारण विश्व में हमारी साख है। दुनिया की सभी शक्तियां हमारे भारत वर्ष की प्रशंसा करती हैं।

श्री हरिचंदन ने सभी राज्यों की विशिष्टताओं का उल्लेख किया। प्राकृतिक संसाधनों, वनोपज एवं खनिज से भरपूर छत्तीसगढ़, अपनी समृद्ध संस्कृति और इतिहास की कहानी कहता हुआ मध्यप्रदेश राज्य भले ही ही दो अलग-अलग राज्य हैं। लेकिन दोनों राज्यों के निवासियों का खान-पान, भाषा, संस्कृति, आचार-विचार, घुले-मिले है और वे परस्पर स्नेह के अटूट बंधन में बंधे हुए हैं। तमिलनाडु देश का दूसरा सबसे बड़ा सूचना प्रौद्योगिक का क्षेत्र है। साक्षरता के साथ-साथ सामाजिक न्याय, स्वास्थ्य स्तर, स्त्री-पुरूष समानता के क्षेत्र में केरल अग्रणी है। आंध्रप्रदेश कृषि के साथ-साथ प्रसिद्ध धार्मिक स्थल तिरूपती बालाजी के लिए प्रसिद्ध है। सार्वाधिक लोकप्रिय प्राकृतिक सौंदर्य, ऊंचे-ऊंचे हिमालय पर्वतों की श्रृंखला, हिन्दुओं के पवित्र तीर्थ स्थल वैष्णव देवी तथा अमरनाथ के लिए जम्मू और कश्मीर जाना जाता है। पंजाब का इतिहास कुर्बानियों से भरा हुआ है। जिस पर हर देशवासी को गर्व है। अमृतसर का स्वर्ण मंदिर प्रमुख सिक्ख धर्म स्थल है। छोटा राज्य होने के बावजूद हरियाणा राज्य ने विभिन्न क्षेत्रों में शानदार उपलब्धियां हासिल की है। दिल्ली हमारी राजधानी ही नही देश का दिल भी है। देव भूमि उत्तराखंड में दुनिया भर के पर्यटक आते है। कोयला खनिज संपदा से भरपूर झारखंड अपनी आदिवासी संस्कृति के लिए जाना जाता है।

श्री हरिचंदन ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा दिया। यह भारतीय, तिब्बती और बौद्ध धर्म की संस्कृतियों का संगम क्षेत्र है। अंडमान-निकोबार द्वीप, चंडीगढ़, लक्षद्वीप, पुदुचेरी भी अलग-अलग क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान रखते हैं। इनमे से अधिकांश राज्यों से आए हुए लोग छत्तीसगढ़ में व्यवसाय अथवा नौकरी कर रहे है। राज्यपाल ने इन सभी राज्यों के नागरिकों को राज्य स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

राज्यपाल के सचिव श्री अमृत कुमार खलखो ने ''एक भारत-श्रेष्ठ भारत'' कार्यक्रम के संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि राजभवन में अबतक 6 राज्यों का स्थापना दिवस राजभवन में मनाया गया। इन राज्यों की संस्कृति, खान-पान, लोक परंपराओं से एक-दुसरे राज्य के लोग परस्पर रूबरू हुए।

कार्यक्रम में इन सभी राज्यों की संस्कृति एवं लोक परंपरा आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुति दी गई। छत्तीसगढ़ का लोक-नृत्य सुवा, कर्मा, राउत नाचा, पंथी नृत्य पंजाब का भांगडा, कर्नाटक का लोक-नृत्य, कश्मीर, हरियाणा, उत्तराखंड, अंडमान-निकोबार द्वीप, मध्यप्रदेश का लोक नृत्य, केरल का लोक नृत्य, आंध्रप्रदेश के भारत नाट्यम नृत्य ने अतिथियों का मन मोह लिया।

विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों को राज्यपाल ने राजकीय गमछा और स्मृति चिन्ह भेंट किया। उन्होंने भी राज्यपाल को अपने राज्य की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। छत्तीसगढ़ से पद्मश्री से सम्मानित श्री भारती बंधु, डॉ. सुरेन्द्र दुबे, श्रीमती शमशाद बेगम, श्री मदन चौहान, श्री अजय मंडावी, श्री अनुप रंजन, डॉ. रमेंद्रनाथ मिश्रा, श्री श्रीधर, श्रीमती सुचिता शरण सहित अन्य समुदाय के विशिष्ट जनों को भी सम्मानित किया गया।

### बालक टीम ने सीबीएसई नेशनल बास्केट बॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश किया

**राजनांदगांव 20 नवंबर।** युगांतर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालक बास्केटबॉल टीम ने क्वार्टर फाइनल में स्प्रिंगडेल स्कूल अमर्तसर को 71-42 अंको से परास्त किया जबकि दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालक बास्केटबॉल टीम ने क्वार्टर फाइनल में डी ए वी लुधियाना 70-19 अंको से परास्त कर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

इसके पूर्व युगांतर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की टीम ने प्रिय क्वार्टर फाइनल में आक्सफोर्ड स्कूल केरल को 61-26 अंको से जबकि दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की टीम ने प्रिय क्वार्टर फाइनल में आर्मी पब्लिक स्कूल नारंगी आसाम को 81-51 अंको से परास्त किया । इसके पूर्व युगांतर की टीम ने आर्मी पब्लिक स्कूल प्रयागराज को 69-33 अंको से, दुसरे मैच में गुजरात पब्लिक स्कूल बड़ोदरा को 71-21अंको से, तीसरे लीग मैच में नेशनल पब्लिक स्कूल बेंगलुरू को 82-62 अंको से परास्त किया ।जबकि दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालक बास्केटबॉल टीम ने अपने पहले लीग मैच में डी पी एस हैदराबाद को 81- 39 अंको से, दुसरे मैच में वेल्मल इंटरनेशनल स्कूल चेन्नई को एकतरफा मैच में परास किया, तीसरे मैच में द मान स्कूल दिल्ली को 60-33 अंको से परास्त कर प्रि क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। युगांतर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की और से साहिल, विश्वजीत सिंह, शुभम सिंह, प्रदीप कुमार, तुषार,कालवा सर्वज्ञ राव, प्रथमेश, अभिषेक पाठक, लक्ष्य जायसवाल, हिमांशु सिंह, लक्ष्य शर्मा एवं अथर्व प्रताप सिंह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। टीम की कोच कालवा राधा राव है । दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की और से शिबु कुमार, शुभम कश्यप, हिमांशु सिंह, दिपांशु यादव, अदम्य गर्ग, हर्ष, गणेश मालवीय, भव्य देवांगन, तनय भारत, श्लोक दुधमोगरे, गुलशन कुमार एवं शिवम बुरा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी टीम को विजयी बनाया। टीम की कोच कालवा राधा राव है ।

### कांग्रेसजनों ने आयरन लेडी को किया नमन



**डोंगरगढ़ 20 नवंबर।** ब्लॉक शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री आयरन लेडी श्रीमती इंदिरा गांधी के जयंती के अवसर पर हाईस्कूल परिसर में स्थित उनके प्रतिमा में माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कांग्रेस जनों ने देश के विकास में उनके योगदानों को याद करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के प्रयासों से देश विकास के पथ में अग्रसर हो कर दुनिया के शक्तिशाली राष्ट्र में शामिल हुआ। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य कांग्रेस प्रत्याशी हर्षिता स्वामी बघेल संध्या देशपांडे संजय श्रीवास्तव धीरज मेश्राम अनिल मेश्राम रिम्मी भाटिया हरिश भंडारी शिशुपाल भारती रामजी तराने प्रमोद ठाकुर जितेन्द्र भाटिया रूपचंद खोबरागड़े नरेश करसे विजय अग्रवाल बबलू खोबरागड़े ललिता साखरे किरण मेश्राम सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

### इंदिरा गांधी की जयंती राजीव भवन में मनाई गई




**रायपुर 20 नवंबर ।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन शंकर नगर रायुपर में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री प्रियदर्शनी स्व. इंदिरा गांधी के जयंती पर उनके छायाचित्र में मार्ल्यापण पुष्पांजलि अर्पित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा, संयुक्त सचिव एवं सह प्रभारी विजय जांगिड़, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू, शैलेश पांडेय, दिलीप लहरिया, विजय केशरवानी, सियाराम कौशिक, आशिष छाबड़ा, शैलेश नितिन त्रिवेदी, वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर, महामंत्री रवि घोष, संयुक्त महामंत्री अजय साहू, सलाम रिजवी, मेहमूद अली उपस्थित थे।

### ठंड ने दी दस्तक, प्रवासी पक्षी लौटने लगे अपने देश

**कोरबा 20 नवम्बर ।** ठंड की दस्तक के साथ ही श्रीलंका सहित कई देशों से आने वाले पक्षियों का प्रवास काल कनकी में पूरा हो चुका है। अब वे अपने बच्चों के साथ मीलों का सफर पूरा कर स्वदेश लौटने लगे हैं। दशकों से यह खास किस्म के पक्षी घोंगिल ओपनबिल्ड स्टार्क जिले के कनकेश्वर धाम को अपने प्रवास का सबसे प्रिय स्थान बना लिया है। वे यहां प्रजनन के लिए आते हैं।

पक्षियों का आगमन जून महीने में होता है। यह वह माह होती है जब शिव की आराधना के पवित्र माह सावन की भी शुरूआत होती है। भगवान शिव की आराधना के लिए प्रख्यात कनकेश्वर धाम में पक्षियों का आगमन शिव की आराधना से जुड़ा हुआ है। ग्रामीण इन पक्षियों को आस्था से जोड़कर देखते हैं। बरसात की शुरूआत में इनका आगमन होने के करण इन्हें मानसून का सूचक भी माना जाता है। अब ठंड की शुरुआत होते ही पक्षी वापस लौटने लगे हैं। यह अपने घोसले इमली, बरगद ,पीपल,बबूल व बांस के पेड़ों पर बनाते हैं। स्टार्क पक्षी 10 से 20 हजार की संख्या तक अपने घोंसले बनाते हैं। एक पेड़ पर 40 से 50 घोसले हो सकते हैं। प्रत्येक घोसले में चार से पांच अंडे होते हैं। सितंबर के अंत तक इनके चूजे बड़े होकर उड़ने में समर्थ हो जाते हैं।

घोसलों का स्थान भी निश्चित होता है। जहां प्रत्येक वर्ष यह जोड़ा उन्ही टहनियों पर घोसला रखता है जहां पूर्व के वर्ष में था। गांव कनकी की जलवायु में प्रवासी पक्षियों को प्रजनन काल के लिए उपयुक्त वातावरण मिलता है। जिसके कारण ही यहां पिछले कई दशकों से यह सिसिला लगातार चलता आ रहा है। मुख्यतौर पर यह पक्षी दक्षिण पूर्व एशिया,श्रीलंका और दक्षिण भारत में भी पाए जाते हैं। पक्षी कीट भक्षी होने के कारण किसानों के सहयोगी हैं। धान की फसल को नुकसान करने वाले कीटों ये चट कर जाते हैं। प्राकृतिक आपदा गाज के कारण हर साल यहां पक्षियों की मौत होती है।

# बोरा व्यापारी के घर काम करने वालों ने देखा अजगर, टीम ने पूरी सावधानी से किया रेस्क्यू

**कोरबा 20 नवम्बर ।** जिला में लगातार सांप निकलने की घटना जारी है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार विभिन्न प्रसार के साप दिखना एक आम बात हैं, जिसके कारण लोगों में डर बना रहता है। सीतामढ़ी के एक बोरा व्यापारी के घर काम करते वक्त घर के सदस्यों की नजर बोरे के ऊपर बैठे एक विशाल काय आठ फीट के अजगर पर पड़ी। फिर क्या था घर में मौजूद लोगों की डर से हालत खराब हो गई। पूरा काम छोड़ कर उस पर ही नजर टिकी रही। इसकी जानकारी वाइल्डलाइफरेस्क्यू टीम प्रमुख जितेंद्र सारथी को दी गई।

कुछ ही देर बाद सारथी मौके पर पहुंच कर सावधानी से रेस्क्यू आपरेशन शुरू किया। अजगर गुस्से से लगातार सारथी को काटने का प्रयास करता रहा फिर भी उसे नहीं छोड़ा और आखिरकार अजगर को बोरे में डालने में कामयाब हुए। तब कहीं जोकर घर वालों ने राहत की सास ली और रेस्क्यू टीम का धन्यवाद दिया। अजगर को जंगल में छोड़ दिया गया है। जितेंद्र सारथी ने बताया इस ठंड के मौसम में सांप अकसर धूप सेकते नजर आते हैं, ठंडे खून वाले होने के कारण वो ऐसा करते हैं, जो उनके लिए अति आवश्यक हैं।



**रायपुर 20 नवंबर।** छठ पर्व के अवसर पर कलाकारों ने चार चांद लगाए, इस अवर पर महादेव घाट रायपुर में महादेव घाट समिति ने साक्षी तिवारी का सम्मान किया।

### बिजली बिल जमा करने निकले वृद्ध की तालाब में मिली लाश

**धमतरी 20 नवंबर।** शहर के हटकेशर वार्ड इलाके से गायब 65 वर्षीय बुर्जुग की लाश मिली है। वृद्ध बिजली बिल जमा करने के नाम से घर से निकला था, इसके बाद अब उसका शव मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। = पुलिस सूत्रों ने बताया कि वृद्ध की लाश देख स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची. जांच में ये पता चला कि मृतक गोपाल कौशिक 18 नवंबर से ही घर से लापता था.। परिवार वालों के मुताबिक मृतक गोपाल कौशिक की उम्र 65 साल थी। गोपाल घर से यह कहकर निकले थे कि वो बिजली का बिल जमा करने जा रहे हैं।

## इंदिरा गांधी में बचपन से ही देशभक्ति व राजनीति के गुण थे:कांग्रेस उपाध्यक्ष

# महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने वाली थी इंदिरा गांधी:कांग्रेस

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 20 नवंबर।** भारत के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाने वाली, कठोर निर्णय के रूप में पहचाने जाने वाली प्रियदर्शनी पूर्व प्रधानमंत्री स्व.इंदिरा गांधी जी के 106वीं जयंती पर रविवार 19 नवंबर को उनके जीवन पर व्यक्तित्व व उनके जीवनी संगोष्ठी सभा आयोजित कर प्रकाश डाला। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री दीपक बैज जी के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री कुलबीर सिंह छाबड़ा के निर्देशन में रविवार 19 नवंबर को पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जी के तैलचित्र पर मार्ल्यापण कर संगोष्ठी सभा की शुरूआत की। संगोष्ठी सभा को शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी ने कहा कि इंदिरा जी बचपन से ही देशभक्ति व राजनीति के गुण थे, वे वानरसेना बनाकर देश की आजादी में अपना अहम योगदान दिया। इंदिरा जी ने देश की प्रगति व देश की एकता के लिए अनेकों कार्य किए। शहर कांग्रेस



कमेटी के महामंत्री झम्मन देवांगन प्रियदर्शनी इंदिरा गांधी जी की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि उनके बताएं मार्गों पर चलकर ही देश में एकता और भाईचारा कायम रह सकती है। स्वतंत्र भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री का गौरव इंदिरा गांधी जी को जाता है। श्रीमती गांधी ने ही सर्वप्रथम महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया था। जब भारत-पाकिस्तान का युद्ध हुआ तो पूरा विश्व भारत के खिलाफ खड़े हो गए वहां पर इंदिरा जी ने अपनी पूरी क्षमता के साथ बातें रखी और पूरा विश्व भारत को मानने लगा कि भारत किसी से कम नहीं। ये उनकी मेहनत और दूरदृष्टि का परिणाम है। प्रियदर्शनी गांधी जी के सपनों का भारत, उनका संकल्प था उन्हें यादकर यह प्रेरणा ले उनकी बताएं मार्गों पर चलकर साकार करें। संगोष्ठी सभा में एल्डरमेन मामराज अग्रवाल, अनिल ठाकुर, मयंक सोनी, हिम्मत पवार, दीन साहू सहित कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## संपादकीय


# दावेदारी करना इसलिए जरूरी है

राजनीति में दल का लक्ष्य सरकार बनाना होता है तो दल के नेताओं का लक्ष्य कोई पद प्राप्त करना होता है। पद कम रहते हैं और नेता ज्यादा रहते हैं, इसलिए एक पद के लिए कई लोग दावेदारी करते हैं। सबको तो पद मिलता नहीं हैं लेकिन जितने लोग दावेदारी करते हैं, उनमें से ही किसी एक को पद मिलना रहता है,इसलिए दल के नेताओं को लगता है कि दावेदारी करने में कोई बुराई है। दावेदारी करने पर ही पद मिलने की संभावना रहती है जो दावा ही नहीं करता है, उसे पद नहीं मिलता है। यह मान्य परंपरा कि यदि आप खुद को पद के योग्य मान रहे हैं तो दावेदारी करिए। कई बार अपवाद स्वरूप ऐसा भी होता है कि जो दावा नहीं करता है,उसे भी पद मिल जाता है पर ऐसा बहुत ही कम होता है। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव का परिणाम तीन दिंसबर को आएगा और सीएम पद के लिए दावेदारी अभी से शुरू हो गई है। पिछली बार सीएम पद के दावेदार माने गए टीएस सिंहदेव इस बार रिजल्ट आने के पहले ही सीएम पद के लिए अपनी दावेदारी पेश कर दी है।उन्होंने कहा है कि अगर कप्तानी का मौका मिला तो जरूर करूंगा।यह मेरे लिए आखिरी मौका है, इसके बाद मैं चुनाव नहीं लडूंगा, लेकिन इसका मतलब यह नहीं हैं कि मैं राजनीति से संन्यास लूंगा, पार्टी जो भी जिम्मेदारी देगी उसका निवर्हन करूंगा।टीएस सिंहदेव कांग्रेस के उन नेताओं की तरह नहीं हैं जो आलाकमान के सामने दावेदारी इस तरह पेश करते हैं कि मेरे पार बहुमत है, इसलिए आपकों चुनना तो मुही ही होगा। टीएस सिंहदेव दावेदारी करतें है और आलाकमान पर छोड़ देते हैं कि वह अगर उनको मौका देगा तो वह सीएम बनना चाहेंगे। साथ ही वह आलाकमान को यह संदेश भी दे रहे है कि यह उनका आखिरी मौका है, इसलिए उन्हें यह मौका मिलना चाहिए। एक तरह से वह यह याद दिला रहे हैं कि पिछली बार उनको मौका नहीं दिया गया था, इसलिए इस बार तो मौका जरूर मिलना चाहिए। टीएस सिंहदेव इसलिए भी अपने लिए अच्छा मौका देख रहे होंगे कि भूपेश बघेल पर सीएम के तौर पर भ्रश्टाचार के अनेक आरोप लगाए गए हैं। कांग्रेस की परंपरा रही है कि वह सीएम तो कम से कम ऐसे नेता को चुनती है जो साफ सुथरी छवि वाला हो। हिमचाल में यही किया गया था, कर्नाटक में यही किया गया। इसलिए माना जा सकता है कि अगर छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनती है तो टीएस सिंहदेव को भी मौका दिया जा सकता है क्योंकि वह साफ सुथरी छवि वाले तथा आलाकमान के प्रता वफादार रहे हैं। पिछली सरकार में उनके पास पूरा मौका था कि जब ढाई साल बाद उन्हें सीएम नहीं बनाया गया तो वह तीस पैंतीस विधायकों को तोड़कर भाजपा के सात मिलकर सरकार बना सकते थे, भाजपा तो ऐसा हो चाह रही थी लेकिन टीएस सिंहदेव ने ऐसा नही किया। उनेहंने कांग्रेस के साथ रहकर खुद को खांटी कांग्रेस साबित किया। जो पीढ़ियों से खांटी कांग्रेस नेता होते हैं, वही ऐसा करतेहै. वह कुछ भी हो जाए पार्टी छोड़कर नहीं जाते हैं न ही पार्टी को तोड़कर अपनी अलग पार्टी बनाते हैं। कांग्रेस में कई ऐसे बड़े नेता हुए है जिन्होंने पार्टी द्वारा उनकी बात नहीं मानने पर राज्य में अपनी पार्टी बना ली। शरद पवार, ममता बैनर्जी आदि ऐसे उदाहरण हैं। टीएस सिंहदेव ऐसे कांग्रेस नेता हैं जो आलाकमान पर निर्भर रहते हैं। वह चाहते हैं कि उन्हे सीएम आलकमान बनाए। वह इसके लिए कोई दवाब नहीं डालना चाहते हैं। पिछली बार भी वह इसी वजह से चूक गए थे। इस बार भी वह इसी वजह से सीएम बनने से चूक सकते हैं। सब जानते हैं कि राहुल गांधी ने बलौबाजार की सभा में संकेत दिया था कि अगले सीएम तो भूपैश बघेल होंगे। अगर ऐसा होता है तो इसलिए होगा कि भूपेश बघेल आजमाए हुए नेता है, उन्होंने वह सब किया है जो राज्य की जनता चाहती है और आलाकमान चाहता है।

# धमाकेदार वापसी की इबारत लिखती कांग्रेस

**राजनीति**

तनवीर जाफ़री



**राहुल गांधी मुखरित हैं उतना किसी अन्य घटक का कोई नेता नहीं। हाँ दिल्ली के मुख्य मंत्री अरविन्द केजरीवाल और आप सांसद संजय सिंह के बाद सांसद महुआ मोइत्रा ने ज़रूर इस विषय पर अपनी आवाज़ बुलंद की। इसके बाद राहुल की संसद की सदस्यता समाप्त करने से लेकर संजय सिंह का जेल जाना,अरविन्द केजरीवाल पर जेल जाने की तलवार लटकने से लेकर महुआ मोइत्रा की सांसदी छीनने के प्रयास तक,सब कुछ देश देख रहा है।**

जिस साम्प्रदायिक व संकीर्ण विचारधारा ने ब्रिटिश दौर-ए-हुकूमत में अंग्रेज़ों की ख़ुशामद परस्ती में कोई कसर बाक़ी नहीं छोड़ी। जिनके 'आदर्श महापुरुष' अंग्रेज़ों से मुआफ़ी मांगते फिरे यहां तक कि जिस विभाजनकारी विचारधारा के लोग राष्ट्र पिता महात्मा गांधी की हत्या में शामिल रहे, उसी विचारधारा के नेताओं ने विगत एक दशक से देश को 'कांग्रेस मुक्त' बनाने का एक महाअभियान छेड़ रखा है। गांधी की हत्या को सही ठहराने,गांधी के हत्यारे नाथू राम गोडसे को महिमामण्डित करने , देश के प्रथम प्रधानमंत्री पण्डित नेहरू की चरित्र हत्या करने व उन्हें अपमानित करने, महात्मा गाँधी व भगत सिंह के तथा पंडित नेहरू व सुभाष चंद्र बोस एवं सरदार बल्लभ भाई पटेल व बाबा साहब भीम राव अंबेडकर के मध्य मतभेद के मनगढंत क़िस्से गढ़ने व इसे प्रचारित करने में इस दक्षिणपंथी विचारधारा ने अपनी पूरी ताक़त झोंक रखी है। विश्व में गांधी-नेहरू के क़द को छोटा करने के मक़सद से ही कांग्रेस के ही नेता सरदार पटेल की 182 मीटर की विश्व की सबसे ऊँची प्रतिमा स्टेच्यू ऑफ़ यूनिटी गुजरात राज्य की नर्मदा घाटी के केवड़िया इलाक़े में स्थापित की गयी। इतना ही नहीं बल्कि कांग्रेस के वर्तमान शीर्ष नेता सोनिया गांधी व राहुल गांधी को भी अपमानित करने व इन्हें भयभीत करने व विदेशी व बौना साबित करने तक के सभी प्रयास पूरी क्षमता के साथ किये जा रहे हैं। और इन दिनों कांग्रेस के विरुद्ध पार्टी के राम विरोधी,हिन्दू विरोधी और सनातन विरोधी होने का सबसे बड़ा प्रचार हथकंडा इन्हीं दक्षिणपंथियों द्वारा यह इस्तेमाल किया जा रहा है।

निश्चित रूप से गत एक दशक से भी लंबे समय से चलाई जा रही इस कांग्रेस विरोधी मुहिम का लाभ भी दक्षिणपंथियों को काफ़ी हद तक मिला। यहां तक कि दर्जनों ऐसे बड़े कांग्रेस नेता इसी ना उम्मीदी,सत्ता मोह व भय के चलते दक्षिणपंथी ख़ेमे में जा मिले जिन्हें देश 'कांग्रेस मुक्त' होते दिखाई देने लगा था। परन्तु शायद ही कभी किसी ने सोचा हो कि देश के सर्व सुविधा संपन्न एवं सर्वोच्च राजनैतिक घराने में परवरिश पाने वाले राहुल गांधी 7 सितंबर, 2022 को कन्याकुमारी से कश्मीर तक की लगभग 3,600 0 किलोमीटर लंबी भारत जोड़ो यात्रा पर पैदल ही निकल पड़ेंगे? और तेज़ धुप बारिश व कड़ाके की ठण्ड का सामना करते हुये देश के 12 राज्यों व दो केंद्र शासित प्रदेशों से होकर गुज़रने वाली 136 दिवसीय यह भारत जोड़ो यात्रा एक जन आंदोलन का रूप ले लेगी? ख़ासकर उस वर्तमान दौर में जबकि देश का मीडिया सत्ता के समक्ष षाष्टांग हो चुका हो। इस यात्रा का उद्देश्य भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की कथित विभाजनकारी राजनीति के ख़िलाफ़ देश को एकजुट करना था। राहुल गांधी ने अपनी इस यात्रा को केंद्र की मूल्य वृद्धि, बेरोज़गारी, राजनीतिक केंद्रीकरण और विशेष रूप से भय, कट्टरता की राजनीति और नफ़रत के



ख़िलाफ़ लड़ने के लिए एक सशक्त माध्यम बनाया। इस यात्रा में कांग्रेस के नेताओं के अतिरिक्त भी दक्षिणपंथी नीतियों का विरोध करने वाले तमान प्रमुख लोग जगह जगह शामिल हुये। इसी यात्रा में राहुल गांधी ने एक प्रचलित वाक्य कांग्रेस को दिया - हम नफ़रत के बाज़ार में मुहब्बत की दुकान खोल रहे हैं।

इसी यात्रा के बाद कांग्रेस के बढ़ते क़द की वजह से ही विपक्षी गठबंधन I. N. D. I. A अस्तित्व में आया जिसने सत्ता की नींदें उड़ा कर रख दीं। अब अपनी ज़मीन खिसकने के डर से सत्ता द्वारा प्रवर्तन निदेशालय,केंद्रीय जांच ब्यूरो व आयकर विभाग जैसी निष्पक्ष समझी जाने वाली सरकारी संस्थाओं का कथित रूप से दुरूपयोग किया जा रहा है। और इनके कथित 'दुरूपयोग ' के बाद देश को यह संदेश देने की कोशिश की जा रही है कि कांग्रेस सहित पूरा का पूरा विपक्ष ही न केवल राम विरोधी है,हिन्दू विरोधी और सनातन विरोधी है बल्कि भ्रष्ट भी है। जबकि अपनी 'परसाई' का ढिंढोरा पीटने वाली इसी भाजपा में कांग्रेस सहित विभिन्न दलों के ऐसे अनेक नेता शामिल हो चुके हैं जो भ्रष्टाचार के आरोपी थे और ई डी व सी बी आई की संभावित कार्रवाई से भयभीत थे। इन विषम एवं विपरीत परिस्थितियों में कांग्रेस का पुनः अपने प्राचीन तेवरों में आना किसी राजनैतिक चमत्कार से कम नहीं। भाजपा के साथ साथ I. N. D. I. A गठबंधन के अखिलेश यादव,ममता बनर्जी व अरविंद केजरीवाल जैसे नेता भले ही कांग्रेस की बढ़ती ताक़त से होने दूरगामी राजनैतिक स्वार्थवश चिंतित क्यों न हों परन्तु कांग्रेस ने I. N. D. I. A गठबंधन की गतिविधियों को राजस्थान,छत्तीसगढ़,मध्य प्रदेश व तेलंगाना जैसे राज्यों में हो रहे ताज़ातरीन विधान सभा चुनावों तक फ़िलहाल स्थगित रखने का जो सन्देश दिया है उससे स्पष्ट है कि कांग्रेस अब इन राज्यों में आने वाले परिणामों के बाद पार्टी अपने I. N. D. I. A सहयोगियों के साथ सीट बंटवारे पर चर्चा शुरू करेगी। प्राप्त समाचारों के अनुसार उत्तर प्रदेश में लगभग हाशिये पर जा चुकी कांग्रेस एक बड़ा खेल खेलने की तैयारी में है। संजय गांधी के सुपुत्र एवं भाजपा सांसद वरुण गांधी से गत 7 नवम्बर को केदारनाथ मंदिर के प्रांगण में मंदिर के पुजारी के घर एकांत में हुई संक्षिप्त गुप्त वार्ता के बाद इस चर्चा ने ज़ोर पकड़ लिया है कि वरुण गांधी कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं। यदि वरुण कांग्रेस में शामिल होते हैं तो उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की स्थिति अपेक्षकृत काफ़ी मज़बूत हो सकती है। हालांकि भाजपा ने शुरूआती दौर में वरुण गाँधी द्वारा दिये गये उनके कुछ विवादित बयानों के बाद उन्हें हिन्दू युवा नेता के रूप में प्रचारित करने की कोशिश ज़रूर की थी। परंतु वरुण भाजपा की उस उम्मीद पर इसलिये खरे नहीं उतर सके क्योंकि उनके डी एन में ही नेहरू गांधी परिवार का धर्मनिरपेक्षता का रक्त प्रवाहित हो रहा है न कि संघ की विचारधारा का। वैसे भी नेहरू-गांधी परिवार को इस हद तक अपमानित करने के बाद वरुण गांधी का भाजपा में और देर तक बने रहना भी स्वाभाविक प्रतीत नहीं होता। इसी तरह कांग्रेस पार्टी,तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा को लेकर भी कोई चौंकाने वाला क़दम उठा सकती है। ग़ौर तलब है कि इस समय उद्योगपति गौतम अडानी की कथित आर्थिक अनियमिताओं को लेकर जितना राहुल गांधी मुखरित हैं उतना किसी अन्य घटक का कोई नेता नहीं। हाँ दिल्ली के मुख्य मंत्री अरविन्द केजरीवाल और आप सांसद संजय सिंह के बाद सांसद महुआ मोइत्रा ने ज़रूर इस विषय पर अपनी आवाज़ बुलंद की। इसके बाद राहुल की संसद की सदस्यता समाप्त करने से लेकर संजय सिंह का जेल जाना,अरविन्द केजरीवाल पर जेल जाने की तलवार लटकने से लेकर महुआ मोइत्रा की सांसदी छीनने के प्रयास तक,सब कुछ देश देख रहा है। साथ ही यह भी सर्वविदित है कि महुआ मोइत्रा के समर्थन में उनके साथ खड़े होने की जो भूमिका उनकी पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी को अदा करनी चाहिये वह भूमिका राहुल गांधी ने अदा की। ख़बरों केअनुसार अडानी पर ममता की ख़ामोशी उनकी मजबूरी है क्योंकि अडानी बंगाल में विश्व के दूसरे सबसे बड़े कोल ब्लॉक को हासिल करने की कोशिश में हैं।वीरभूम ज़िले का देउचा पचामी कोयला ब्लॉक विश्व का दूसरा सबसे बड़ा कोल ब्लॉक है। इसे लेकर ममता के साथ अडानी व उनके पुत्र की भी मुलाक़ात होने की ख़बर आई थी। इसीलिये तृणमूल कांग्रोस न तो महुआ के समर्थन में सामने आई न ही उनका विरोध किया जबकि राहुल गांधी इस मुद्दे पर पूरी तरह महुआ मोइत्रा के साथ खड़े दिखाई दिये। तभी से इस चर्चा ने भी ज़ोर पकड़ लिया है कि क्या महुआ मोइत्रा कांग्रेस में शामिल होकर बंगाल में दशकों बाद कांग्रेस को एक आक्रामक व जुझारू नेता मिलने की संभावना है ? यदि ऐसा हुआ तो बंगाल में भी कांग्रेस की स्थिति पहले से काफ़ी बेहतर हो सकती है। कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश की जीत के बाद राजस्थान,छत्तीसगढ़,मध्य प्रदेश व तेलंगाना आदि राज्यों में हो रहे ताज़ातरीन विधान सभा चुनावों में कांग्रेस के बुलंद हौसले और संगठनात्मक मज़बूती के लिये उत्तर प्रदेश से लेकर बंगाल तक कांग्रेस द्वारा रचे जा रहे चक्रव्यूह से यह सवाल उठना लाज़िमी है कि क्या कांग्रेस धमाकेदार वापसी की इबारत लिखने जा रही है ?

## आज का राशिफल

मेष राशि : आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज कोई शुभ समाचार मिलेगा जिसकी ख़ुशी आप अपने दोस्तों के साथ शेयर करेंगे। थोड़ी सी मेहनत करने से आप अपने कामों में सफलता जल्दी हासिल करेंगे। दोस्त लोग आज आपको सरप्राइज पार्टी देंगे जिससे मस्ती का माहौल बनेगा। शुगर की समस्या से आज काफी हद तक आराम मिलेगा।

वृष राशि :आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आज किसी मांगलिक कार्यक्रम में जाने का शुभ अवसर मिलेगा। जिसमें शामिल होकर आप बेहतर महसूस करेंगे। पिता जी आपके बिजनेस में आपकी हेल्प करेंगे, जिससे अधिक लाभ होगा। महिलाएं आज घर के कामों में बिजी रहेंगी, नई डिशेज बनाएंगी जिनका आनंद आपका पूरा परिवार उठाएगा।

मिथुन राशि :आज आपका दिन बेहतर रहने वाला है। आज किसी नए व्यापार को शुरू करने से पहले उसके बारे में गंभीरता से जान लेना जरुरी है, किसी एक्सपर्ट की सलाह ले सकते है जिससे अधिक लाभ होगा। आज किसी दोस्त की हेल्प से आपको कोई अच्छी जॉब मिलने के योग बन रहे हैं। हेल्थ से रिलेटेड प्रॉब्लम के लिए आज आप किसी अच्छे डॉक्टर को दिखायेंगे जिससे आप बेहतर महसूस करेंगे।

कर्क राशि :आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपका कॉन्फिडेंस लेवल अच्छा रहेगा। अपना समय किसी खास व्यक्ति को देंगे जिससे आपकी खुशी बढ़ेगी। आपकी बेटी का सेलेक्शन आज सरकारी जॉब में होगा। जीवन में सफल होने के लिए आपको कठिन मेहनत करनी होगी। अपने बच्चों के साथ घर पर रह कर अच्छा समय गुजारेंगे।

सिंह राशि :आज आप अपने दिन की शुरुआत बहुत ही उत्साह से करेंगे। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र अपनी पढ़ाई जारी रखेंगे, जल्द ही सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। इस राशि के जो लोग प्लास्टिक का कारोबार कर रहे हीन उन व्यापारियों का काम अच्छा चलेगा, ज्यादा प्रॉफिट होगा। नवविवाहितों को आज कोई खुशखबरी मिलने वाली है।

कन्या राशि:आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। उधार दिया हुआ पैसा आज आपको अचानक मिलेगा, जिसको आप किसी जरूरी काम में लगाएंगे। प्राइवेट सेक्टर में काम कर रहे लोगों को आज प्रमोशन मिल सकता हैं, आपका सम्मान बढ़ेगा। आज आपके फैसले में आपके भाईयों का सहयोग मिलेगा, जिससे लोगों में आपकी छवि अच्छी बनेगी। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

तुला राशि :आज आपका दिन मंगलकारी रहने वाला है। आज ऑफिस में स्टाफ के साथ अच्छा व्यवहार बना के रखें जिससे आपको बॉस के द्वारा अच्छा बोनस मिलेगा। आज घर में नन्हे मेहमान के आने से खुशी का माहौल रहेगा। ऑफिस में जो लोग आपके विरोधी है, वो भी आपकी कार्यशैली से प्रभावित होंगे। अधूरे कामों को पूरा करने में आज आप सक्षम रहेंगे, टेंशन खत्म होगी।

वृश्चिक राशि :आज आपका मनोबल अच्छा रहेगा। आज सरकारी जॉब कर रहे लोगों की पदोन्नति के योग बन रहें है, सैलरी बढ़ेगी। स्वास्थ्य से जुड़ी परेशानी के लिए आज किसी अच्छे डॉक्टर से मिलेंगे, जिससे कुछ राहत मिलेगी। अपनी सही बात के लिए आपके परिवार का फुल सपोर्ट मिलेगा। आपका स्वास्थ्य आज ठीक रहेगा, अच्छे स्वास्थ्य के लिए योग को अपनी हैबिट बनायें।

धनु राशि :आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। व्यापार में साझेदारी से लाभ होगा, आप चीजों को बेहतर ढंग से करने का प्रयास करेंगे। इंजीनियर्स के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है, टेक्निकल क्षेत्र में कुछ नया अनुभव मिलेगा। आपको अपने खान पान पर ध्यान देने की जरूरत है, जिससे स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा।

मकर राशि :आज आपका दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। किसी कंपनी के शेयर खरीदने के लिए आप किसी एक्सपर्ट की सलाह ले सकते है। कोई पुरानी बात आपको पता चल सकती, जिसको लेकर आप सरप्राइस होंगे। आप कोई कीमती सामान खरीदेंगे, आपको अच्छा ऑफर भी मिल सकता है। दाम्पत्य जीवन में मधुरता आएगी। आज आप नया वाहन लेंगे, साथ ही जीवनसाथी के साथ लॉन्ग ड्राइव पर जायेंगे

कुंभ राशि :आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। आज आपका मनोबल अच्छा रहेगा। प्रॉपर्टी खरीदने का विचार बना रहे लोग आज प्रॉपर्टी डीलर्स से मुलाकात करेंगे, कोई बढ़िया डील फाइनल करेंगे। किसी प्रोजेक्ट में उलझे विद्यार्थी आज अपने डाउट क्लियर करेंगे। आज थोड़ा समय निकाल कर अपने परिवार के साथ बातचीत करें, जिससे आपकी समस्याओं का समाधान मिलेगा।

मीन राशि :आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपका व्यवहार विनम्र बना रहेगा, जिससे लोग आपसे इम्प्रेस्सेड होंगे। आज कोई भी कारोबार शुरू करने से पहले एक्सपर्ट्स की सलाह ले जिससे आपको उसके बारे में फुल इनफार्मेशन पता हो जाएगी, उसी के एकार्डिंग आप अपनी योजनाओ को बनायेंगे। आज परिवार के साथ मिलकर किसी मांगलिक कार्यक्रम में जायेंगे। आज आपका दांपत्य जीवन अच्छा रहने वाला है।

## व्यंग्य

# आत्माराम का भूत

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

हैदराबाद के हलचल भरे शहर में वह एक अंधेरी, नीरस शाम थी। सड़कें दैनिक जीवन की हलचल से भरी हुई थीं क्योंकि लोग अपनी स्वार्थी इच्छाओं से ग्रस्त होकर इधर-उधर भाग रहे थे। एक समय जीवंत शहर मानवीय मूल्यों के पतन का प्रजनन स्थल सा लगता है, जहाँ लालच और महत्वाकांक्षा का बोलबाला चरम पर होता है। शहर के मध्य में, धनी और प्रभावशाली आत्माराम साहब का एक बड़ा बंगला था। वह बहुत धनवान और शक्तिशाली व्यक्ति था, लेकिन उसका दिल शहर की सड़कों पर चलने वाली सर्दियों की हवा की तरह सर्द और संवेदनाहीन था। उसने संदिग्ध व्यापारिक लेनदारियों और परिचितों को लूट पाटकर अपनी तिजोरी में पैसे के नाम पर लोगों की बद्दुआएँ अर्जित की थी। यही कारण था कि अपने से कम भाग्यशाली लोगों के प्रति उसका तिरस्कार पूरे शहर में चर्चा का विषय था।




एक अशुभ घड़ी में, जब आत्माराम अपने मंद रोशनी वाले अध्ययन कक्ष में अकेले बैठे अपने गोरख धंधों से कमाई नोटों की गड्डियों की गिनती कर रहे था। तभी उसके पुराने व्यापारिक मित्र धनीराम उससे मिलने आया। धनीराम एक मनहूस और पीड़ित किस्म का व्यक्ति था, जो जीवन में अपने लालच और स्वार्थ की सजा के रूप में अनंत काल तक पृथ्वी पर भटकने के लिए अभिशप्त था। आत्माराम को देखते हुए धनीराम ने कराहते हुए कहा, ÷मैं आपको उस चेष्टा के बारे में चेतावनी देने आया हूं जो नैतिक पतन के इस रास्ते पर जारी रहने पर आपका इंतजार कर रहा है। धन और शक्ति के लिए आपकी अतृप्त भूख ने आपको अपने आस-पास के लोगों की पीड़ा के प्रति अंधा कर दिया है, और यदि आप अपने तरीके नहीं बदलेंगे, तो आपको इसका भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। आत्माराम ने धनीराम की चेतावनी का उपहास उड़ाया, और इसे अपने ही दोषी विवेक द्वारा लाया गया मात्र मतिभ्रम कहकर खारिज कर दिया। लेकिन जैसे-जैसे रात बीतती गई, उसके पास अलौकिक भूतों की एक श्रृंखला आई, जिन्होंने उसे उनके तरीकों की त्रुटि और उनके कार्यों के परिणाम दिखाए। पहला भूत अहंकार, आत्माराम को उसके अपने इतिहास की यात्रा पर ले गया, और उसे अपने जीवन के उन क्षणों को दिखाया जहां एक बार उसके पास एक दयालु और उदार भावना थी। लेकिन जैसे-जैसे साल बीतते गए, उसका दिल कठोर होता गया और लोभ से भस्म हो गया, जिससे उसके जीवन से सभी खुशी और करुणा दूर हो गई।

दूसरे भूत क्रूरता ने आत्माराम को उन लोगों की पीड़ा दिखाई, जिनका उसने अपने लाभ के लिए बेरहमी से शोषण किया था। उसने परिवारों को अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए संघर्ष करते देखा, बच्चों को खतरनाक कारखानों में काम करने के लिए मजबूर किया, और बुजुर्गों को एक ऐसी दुनिया में खुद की देखभाल करने के लिए छोड़ दिया जिसने उससे मुंह मोड़ लिया था। अंतिम और तीसरा भूत लूटमपाट आत्माराम को एक गंभीर और उजाड़ भविष्य में ले गया, जहाँ उसने अपने लालच और क्रूरता का विनाशकारी प्रभाव देखा। उसने अपनी समाधि का पत्थर देखा, जिसे उपेक्षित और भुला दिया गया था, जो उन लोगों के तिरस्कार से घिरा हुआ था जिनके साथ उसने जीवन में अन्याय किया था। अफसोस और निराशा से अभिभूत होकर आत्माराम ने अपने तरीके बदलने और अपने द्वारा उत्पन्न दर्द और पीड़ा के लिए संशोधन करने की कसम खाई। उसने अपना दिल और अपनी तिजोरी जरूरतमंदों के लिए खोल दिए, वह जहाँ भी गया खुशी फैलाने लगा। उसका परिवर्तन किसी चमत्कार से कम नहीं था, और शहर के लोग उसकी नई उदारता और करुणा से प्रभावित हुए। जैसे-जैसे साल बीतते गए, शहर की सड़कें एक बार फिर सद्भावना और भाईचारे की भावना से भर गईं, क्योंकि जीवन के सभी क्षेत्रों के लोग छुट्टियों के मौसम की खुशी का जश्न मनाने के लिए एक साथ आए। आत्माराम मुक्ति और आशा का प्रतीक बन गया। इतना ही नहीं सबसे गहरे मानवीय आवेगों पर भी काबू पाने के लिए प्रेम और दया की शक्ति का प्रमाण बन गया। और इस प्रकार, शहर मे नष्ट हो रहे मानवीय मूल्यों को बहाल किया गया। शहर लालच और स्वार्थ पर मानवीय भावना की विजय का एक चमकदार उदाहरण बन गया। और जहाँ तक आत्माराम की बात है, उसे एक कंजूस बूढ़े व्यक्ति के रूप में नहीं, बल्कि उस दुनिया में प्रकाश की किरण के रूप में याद किया जाने लगा जो कभी अंधकार से घिरी हुई थी।

## चिंतन

**संजीव ठाकुर**

# विश्व युद्ध टालने और शांति बहाली में भारत की नई भूमिका



भारत के पांचवी आर्थिक शक्ति बनने के बाद इसराइल हमास के विनाशकारी युद्ध हमास का आतंकवादी चेहरा और इजरायल की बदला लेने की सनक के साथ रूस के तानाशाह व्लादिमीर पुतिन के परमाणु अस्त्रों के इस्तेमाल की यूक्रेन तथा यूरोपीय देशों के विरुद्ध धमकी ने अमेरिका, ब्रिटेन ,फ्रांस, कनाडा ,न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और यूरोपीय देशों को चिंता में डाल दिया हैद्य ऐसे में विश्व के देशों ने भारत की ओर आशा लगाकर भारतीय प्रधानमंत्री से यह उम्मीद की जा रही है कि भारत के प्रधानमंत्री इजरायल अमेरिका और फिलिस्तीन के साथ ईरान, इराक, सऊदी अरब के नेताओं के मध्य संवाद करवा कर शांति का रास्ता निकालने का प्रयास करेंगे, दूसरी तरफ पुतिन को अपने पुराने संबंधों के चलते विश्व शांति का पाठ पढ़ा सकते हैंद्य भारत की विश्व में नई सामरिक तथा आर्थिक स्थिति अब पहले से ज्यादा कई गुना मजबूत हो गई है। अब भारत अपनी बात हर तरह से मनवाने में सक्षम भी हैद्य दूसरी तरफ इंग्लैंड की प्रधानमंत्री के सामने भारत से अपने मूल रूप से संबंध अच्छे करने की चुनौती भी है।

उज़्बेकिस्तान के समरकंद में शंघाई सहयोग संगठन की अति महत्वपूर्ण बैठक में भारत ने अपनी नई दमदार विदेश नीति का आगाज किया है। भारत अब वो पुराना भारत नहीं रहा है। इस बात को दुनिया के सामने इस संगठन की बैठक में भारत ने बड़ी मजबूती के साथ रखा है। भारत की विदेश नीति के तहत भारत किसी एक मजबूत राष्ट्र का सहारा ना लेकर रूस और अमेरिका को एक ही तराजू में तौल रहा हैद्य भारत की नई कूटनीति तथा विदेश नीति की धमक अब स्पष्ट रूप से इस संगठन की बैठक में दिखाई दी हैद्य भारत में अपनी कूटनीति के चलते बैठक में उपस्थित चीन तथा पाकिस्तान को दरकिनार कर पूरे विश्व को समझा दिया है की चीन और पाकिस्तान दुनिया में अलग-थलग पड़ गए हैंद्य इसी तरह यूक्रेन के मामले में भारत में रूस के व्लादिमीर पुतिन को साफ साफ शब्दों में वैश्विक शांति की बातें समझाइ हैद्य अमेरिका को भी भारत में समझा दिया है की रूस और यूक्रेन मामले में वह अमेरिकी दबाव में ना आकर वाह रूस को मौन समर्थन देना नहीं छोड़ेगा और इसके अलावा रूस से अपने व्यवसायिक रिश्ते बनाकर क्रूड आयल, डीजल तथा पेट्रोल की खरीदी निरंतर जारी रखेगाद्य उल्लेखनीय है कि भारत ने विगत 3 वर्षो से अपनी विदेश नीति कुछ इस तरह निर्धारित की है कि जिसमें बड़े राष्ट्रों पर केंद्रित न होकर वह हर राष्ट्र से संबंध बनाकर वैश्विक जगत में अपनी नई स्वतंत्र विदेश नीति का आगाज करने जा रहा हैद्य आने वाले समय में भी भारत की विदेश नीति एवं भारतीय गणतंत्र एक नई विदेश नीति लेकर उभरेगा।

भारत को संभवत शंघाई सहयोग संगठन और द्द20 तथा संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद जैसे महत्वपूर्ण संगठनों में अध्यक्षता का अवसर भी मिलेगा क्योंकि आने वाले वर्ष में भारत वर्ष में ही शंघाई संगठन सहयोग और जी-20 की महत्वपूर्ण बैठक है आयोजित होने वाली हैं। जी 7 देशों में भी जर्मनी तथा कुछ अन्य देश इस समूह में भारत को शामिल करना चाहते हैं। इस तरह इन देशों के



समर्थन से भारत जी 7 का महत्वपूर्ण हिस्सा भी बन सकता है। स्वतंत्रता के बाद से ही भारत ने अपने को स्वतंत्र विदेश नीति का पोषक बना कर रखा है और विगत वर्षों से भारत ने अपने को एक गुट निरपेक्ष राष्ट्र की तरह वैश्विक स्तर पर प्रस्तुत किया है। रूस यूक्रेन युद्ध तथा ताजा ताजा चीन ताइवान तथा अमेरिकी द्वंद में भारत में अपनी स्वतंत्र विदेश नीति के तहत एक अलग मध्यम मार्ग बनाए रखा है। रूस यूक्रेन युद्ध में अंतरराष्ट्रीय दबाव में न आकर भारत ने रूस की निंदा से परहेज कर अपने व्यापारिक संबंध रूस से बनाए रखे हैं एवं अमेरिकी दबाव से बाहर आकर भारत ने नाटो देशों का भी समर्थन नहीं किया है। यह घटना भारत की एक बड़ी कूटनीतिक सफलता के रूप में सामने आई है । भारत में इस संगठन की बैठक के दौरान यह स्पष्ट रूप से बता दिया है कि जो देश उसके साथ जिस तरह का व्यवहार करेगा भारत उसे उसी तरह से जवाब देने में सक्षम है चीन को भी स्पष्ट रूप से भारत ने चेतावनी दी है कि यदि वह एल,ए,सी तथा लद्दाख में किसी भी तरह की दखलअंदाजी करेगा तो भारत इसे बर्दाश्त नहीं करेगा एवं यदि वह दोस्ती की पहल करता है तो भारत दो कदम आगे आकर वार्ता में शामिल होने का तैयार है। भारत ने स्पष्ट रूप से रूस को यह समझा दिया है कि उसकी पाकिस्तान के साथ बढ़ती नजदीकी रास नहीं आ रही है, इसी तरह अमेरिका द्वारा पाकिस्तान को किसी भी तरह की सहायता दिए जाने का खुलकर विरोध करेगा। भारत ने अपनी विदेश नीति तथा कूटनीति को साफ कर दिया है ,वह जहां शंघाई संगठन का खास सदस्य है जो अमेरिका का घोर विरोधी माना जाता है दूसरी तरफ वह 5 देशों वाले मजबूत संगठन क्वाड का भी हिस्सा है जो स्पष्ट रूप से चीन का विरोधी संगठन माना जाता है। भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि वह देश के हितों के नफा और नुकसान देखकर अपने संबंध अन्य देशों से स्थापित करेगा। भारत वैश्विक स्तर पर विश्व के अनेक देशों से अपने अलग-अलग व्यवसायिक एवं राजनैतिक रिश्ते बनाने में विश्वास रखता है। भारत की स्वतंत्र विदेश नीति इस बात से भी स्पष्ट हो जाती है कि भारत द्द20 जैसे संगठन का सदस्य भी है जिसमें अमेरिका चीन जैसे परंपरागत घोर विरोधी अमेरिका तथा चीन भी अहम सदस्य हैं। आने वाला वर्ष भारत की नई विदेश नीति और कूटनीति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण इसलिए होने वाला हैं कि भारत जी 20 तथा शंघाई संगठन की मेजवानी कर अध्यक्षता करेगा और इन समूहों तथा बैठकों में अपने मनपसंद तथा मित्र देशों को बुलाने का अधिकार भारत के हाथ में ही होगा।ऐसे में भारत नए और मजबूत भारत के रूप में उभरेगा इसके अलावा भारत द्द20 देशों की बैठक में बांग्लादेश, नीदरलैंड ,मिश्र ,मॉरीशस ,संयुक्त अरब अमीरात ,नाइजीरिया ,ओमान, सिंगापुर और स्पेन को बुलाकर उनसे विचार-विमर्श करने की बहुत बड़ी तथा महत्वकांक्षी योजना बनाई है क्योंकि इन देशों के शामिल होने से भविष्य में एक नया परिदृश्य उभरने की संभावना बनती है। भारत में वैश्विक स्तर पर अपनी नई को अपनी तथा विदेश नीति के चलते एक नए भारत को दुनिया के सामने पेश करने की पेशकश की है। भारत में भविष्य देश के अंदर तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उज्जवल होने की संभावना को एक नई दिशा मिलने की संभावना बन रही है।

## एक नजर

### समिति के समक्ष अभ्यावेदन प्रस्तुत कर सकते है 25 नवम्बर तक

**जगदलपुर, 20 नवम्बर।** संभागीय संयुक्त शिक्षा कार्यालय द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर, द्वारा पदोन्नति उपरांत संशोधन निरस्तीकरण संबंधी याचिका एवं अन्य याचिकाओं में पारित निर्णय 03 नवम्बर 2023 के परिपालन में माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा विभाग की अध्यक्षता में गठित समिति के समक्ष अभ्यावेदन प्रस्तुत करने हेतु 25 नवम्बर 2023 तक का समय निर्धारित किया गया है। शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक ने बताया कि माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर में जिन याचिकाकर्ताओं ने उपरोक्तानुसार पदोन्नति उपरांत संशोधन निरस्तीकरण संबंधी याचिका दायर की है, उन्हें इसकी सूचना संभागीय संयुक्त शिक्षा कार्यालय द्वारा भेजी गई है यदि किसी याचिकाकर्ता को सूचना नहीं मिली है तो वे स्वयं अपना अभ्यावेदन, याचिका के प्रथम पृष्ठ की सत्यापित प्रति जिसमें याचिकाकर्ता का नाम एवं प्रकरण क्रमांक का उल्लेख हो, के साथ जिस जिले में वह पदस्थ हैं वहां के जिला शिक्षा अधिकारी या संभागीय संयुक्त शिक्षा कार्यालय में उपस्थित हो कर कार्यालय में गठित सेल के समक्ष जमा कर सकते हैं।

### ओंकारेश्वर ज्योर्तिलिंग मंदिर में पूजा की लखमा ने

**जगदलपुर, 20 नवम्बर।** मध्यप्रदेश के धार्मिक स्थल के प्रवास पर निकले छत्तीसगढ़ के आबकारी एवं उद्योग मंत्री कवासी लखमा ने रविवार को ओंकारेश्वर ज्योर्तिलिंग दर्शन कर पूजा अर्चना की। उन्होंने बस्तर तथा छत्तीसगढ़ में सुख, शांति की कामना की, इस दौरान पत्नी साथ रही। उन्होंने शिवालय में दर्शन करने कतार में खड़े लोगों का अभिवादन कर सबकी मनोकामना पूरी होने की भगवान शंकर से प्रार्थना की।

### दंतैल हाथी ने जमकर मचाया उत्पात, ग्रामीणों ने दहशत में गुजारी रात

**बालोद, 20 नवंबर ।** जिले के गुरुर वन परिक्षेत्र में दंतैल हाथी जमकर उत्पात मचा रहा है. बीती रात कई गांवों के अंदर दंतैल हाथी घुस गया और फसलों को नुकसान पहुंचाया. जिससे ग्रामीणों को दहशत में रात गुजारनी पड़ी. इस बीच वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों से घरों में रहने की अपील की है. दंतैल हाथी को लेकर वन विभाग ने ग्राम जगतरा, सोहतरा, बिच्छीबाहरा, खैरडीगी, धनापुरी, ओड़ेनाडीह, डोकला आदि गांवों को अलर्ट किया है और जंगल नहीं जाने की अपील की है. वर्तमान में हाथी जंगली भेजा गांव के जंगल में उपस्थित है।

### 500 मेगावाट क्षमता की दो नंबर इकाई तकनीकी खराबी आने से बंद

**कोरबा 20 नवम्बर ।** राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के संयंत्रों की इकाइयों में खराबी का सिलसिला जारी है। मड़वा संयंत्र की 500 मेगावाट क्षमता की दो नंबर इकाई में तकनीकी खराबी आने से बंद करना पड़ा है। इसके पहले की हसदेव ताप विद्युत संयंत्र कोरबा पश्चिम की 210 मेगावाट क्षमता की तीन नंबर इकाई में भी खराबी आई थी, जिसे बंद करने के बाद मेंटेनेंस कार्य किया गया। इस यूनिट को सुधार कार्य के बाद चालू किया गया, तब उत्पादन शुरू हो सका और वर्तमान में 150 मेगावाट बिजली उत्पादन हो रहा है। उधर मड़वा संयंत्र की बंद दो नंबर इकाई का भी मेंटेनेंस कार्य चल रहा है। संभावना जताई जा रही है कि जल्द ही यूनिट को परिचालन में ले लिया जाएगा। ठंड बढ़ने की वजह से राज्य में बिजली की मांग घट कर पीक अवर्स में 3800 मेगावाट के करीब हो गई है। वहीं उपलब्धता 3986 मेगावाट है। विद्युत उत्पादन कंपनी के एचटीपीपी से 1340 मेगावाट के स्थान पर 1082, डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत संयंत्र से 500 के स्थान पर 464 मेगावाट, एक हजार मेगावाट के अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत संयंत्र मड़वा से 426 मेगावाट तथा बांगो जल विद्युत संयंत्र से 120 के स्थान पर 39 मेगावाट बिजली उत्पादित हो रही है। इस तरह कंपनी से कुल 1992 मेगावाट बिजली रही। जबकि राज्य के सीपीपी व आइपीपी से बिजली लेने पर कुल उपलब्धता 2051 मेगावाट रही। मांग को पूरी करने के लिए सेंट्रल सेक्टर से अनुबंधित 1747 मेगावाट बिजली ली जा रही है। इससे राज्य में बिजली की स्थिति सरप्लस बनी हुई है। उम्मीद जताई जा रही है कि मड़वा संयंत्र चालू होने व सभी इकाइयों के पूर्ण क्षमता से चालू होने पर भरपूर बिजली राज्य को मिलने लगेगी।

# उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही छठ महापर्व सम्पन्न

## दक्षिण बस्तर में धूमधाम से मना छठ पर्व, छठ पूजा के लिये अल सुबह डंकनी नदी घाट पर श्रद्धालुओं का लगा जमावाड़ा





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 20 नवंबर।** चार दिनों से चला आ रहा लोक आस्था का महापर्व छठ आज कार्तिक माह के सप्तमी तिथि को सुबह उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही सम्पन्न हो गया। अर्घ्य देने भोर से ही छठ व्रतधारियों का डंकनी नदी घाट पर जमावाड़ा लगना शुरू हो गया था। उगते सूर्य की पूजा अर्चना पश्चात अर्घ्य देकर छठी मईया से लोगों से सुख समृद्धि की कामना की।

उत्तर भारतीय समाज के लोगों का प्रमुख पर्व छठ पूजा जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा समेत बचेली, किरंदुल, गीदम व बारसूर क्षेत्र में धुमधाम के साथ मनाया गया। सूर्य षष्ठी पर रविवार शाम अस्तचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के बाद छठव्रती कार्तिक पक्ष के सप्तमी तिथि पर आज अल सुबह डंकनी नदी घाट पहुंचकर पारंपरिक रूप से नदी के अंदर कमर तक पानी में घंटों खड़े रहकर उगते सूरज की आराधना की और जल व दुध से भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया।

लोक आस्था व सूर्योपासना का महापर्व छठ का हिन्दू धर्म विशेषकर बिहारी समुदाय में विशेष महत्व है। छठ एकमात्र ऐसा पर्व है जिसमें न केवल उदय होते सूरज की पूजा की जाती है बल्कि डूबते सूरज को भी पूजा जाता है। छठव्रतियों ने षष्ठी तिथि पर रविवार शाम डंकनी नदी घाट पर पहुंचकर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर सूर्यदेवता की पूजा अर्चना की। अर्घ्य देने उपरांत महिलाओं ने घाट पर बने चौरा मंडप की विधि विधान से पूजा अर्चना कर छठ के गीत गाए और छठी मईया से संतान की सलामती एवं सुख समृद्धि की कामना की। रविवार की शाम डूबते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद आज सप्तमी तिथि को सुबह पुनः उसी घाट पर पहुंचकर व्रतधारियों ने उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देकर भगवान भास्कर की पूजा की पूजा की। अर्घ्य देने घाट पर भोर से ही व्रतियों का आना जाना प्रारंभ हो गया था। व्रती महिलाओं ने पूजा की टोकरी जिसे बिहार में दउरा कहा जाता है में अलग अलग तरह के फल, केला, गन्ना, नारियल, सेव अनानास, मूली, सिंघाड़ा आदि पूजन सामग्री सहित दउरा को सिर पर रखकर नंगे पांव परिवार समेत डंकनी नदी घाट छठ पूजा स्थल पर पहुंचे। इस दौरान परिवार की महिलाएं छठी मईया की गीत गाते चल रही थी। ड

ंकनी नदी घाट पर पहुंच व्रतधारी महिलाओं ने डंकनी नदी के अंदर घंटों खड़े रहकर उदयीमान होते सूर्य की पूजा की । महिलाएं हाथों में प्रसाद से भरे सूप थामी परिक्रमा कर रही थी तो वहीं पुरूष लोटे में जल व दुध से अर्घ्य देकर दे रहे थे। इस मौके पर व्रतियों ने छठी मईया के गीत भी गाए। यूपी बिहार का पारंपरिक व्यंजन ठेकवां का भोग सूर्यदेव को चढ़ाया गया। ठेकवा के अलावा सिंघाडा, सीताफल, केला, अदरक, हल्दी, नींबू, घाघर, शकरकंद व अन्य फल अर्पित किए गए। उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही 36 घण्टे से चला आ रहा व्रतियों के निर्जला उपवास का कठिन दौर आज समाप्त हो गया। सूर्यदेव को अर्घ्य देने के उपरांत व्रतधारियों ने घाट पर उपस्थित सभी लोगों को छठ का प्रसाद वितरण किया। हर वर्ष की तरह इस बार भी डंकनी नदी घाट पर सीआरपीएफ की की ओर से घाट पर टेंट एवं पालिका की ओर से लाईटिंग की व्यवस्था की गई थी।

# गीदम में धूमधाम से मनाया गया छठ महापर्व

## घाट पर महिलाओ ने की पूजा अर्चना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गीदम 20 नवम्बर।** छठ पूजा का त्योहार देश के कई राज्यों में बहुत धूमधाम से मनाया जाता है। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से लेकर सप्तमी तिथि तक छठ पूजा का पर्व मनाया जाता है। गीदम नगर के एक मात्र तालाब में हर वर्ष जुटने वाले लोगों की संख्या को देखते हुए तैयारी की गयी थी। छठ पूजा सनातन धर्म का एक प्रमुख पर्व है। छठ पूजा सूर्य देव की उपासना का पर्व है। कार्तिक माह की षट्मी तिथि को छठ पूजा की जाती है। यह पर्व चार दिनों तक चलता है। सूर्य उपासना का यह महापर्व सूर्य देव को प्रसन्न करके सन्तान की मनोकामना व कुशलता हेतु मनाया जाता है। छठ को महापर्व की संज्ञा दी जाती है। कहते हैं कि यह आस्था और श्रद्धा का सबसे बड़ा त्योहार है। इसलिए इसके प्रति लोगों में बहुत अधिक विश्वास है। इस त्योहार का लोग सालभर इंतजार करते हैं और छठ पूजा आने पर पूरी श्रद्धा से रीति-रिवाज निभाते हैं। इस दौरान सूर्य भगवान और छठी मइया की पूजा-अर्चना का खास महत्व माना जाता है। छठ महापर्व का महत्व बहुत अधिक? माना जाता है। छठ व्रत सूर्य भगवान, प्रकृति, उषा, जल और वायु को समर्पित है। ऐसा माना जाता है कि छठ पूजा के दिन श्रद्धा और विश्वास से व्रत रखने पर निस्संतान स्त्रियों को संतान की प्राप्ति होती है। उगते सूर्य को अर्घ्य देना तो कई व्रतों और त्योहारों में होता है, मगर डूबते सूर्य को अर्घ्य देने की रीति सिर्फ छठ पर्व में ही है। सूर्य को अर्घ्य देने से पहले बांस की टोकरी में फलों, ठेकुआ, चावल के लड्डू और पूजा के सामान को सजाते हैं। उसके बाद दूसरे दिन सुबह उगते सूरज को अर्घ्य देने के बाद छठी मइया की पूजा के साथ यह पर्व संपन्न होता है।

व्रतियों के घाट पर उतरने के लिए सड़क से लेकर घाट तक मुरूम मिटटी डाला गया था ताकि लोगों को घाट तक उतरने में कोई परेशानी न हो पाए। हर साल की तरह इस बार भी छठ पर माकुल व्यवस्था सीआरपीएफ 111 एवं पालिका की ओर से किया गया था। छठ पूजा आयोजन समिति ने नदी घाट पर व्रतधारियों के लिए तमाम व्यवस्था मुहैया कराए जाने पर सीआरपीएफ 111वीं वाहिनी एवं नगर पालिका प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### डॉक्टर की लापरवाही से माँ और बच्चे की की मौत, परिजन ने प्रशासन से की कड़ी कार्रवाई की माँग

**सुकमा 20 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** दोरनापाल अस्पताल में डॉक्टरो की लापरवाही से प्रसूता ने दम तोड़ दिया, इलाज न मिलने और उचित देखरेख नहीं होने से जन्में नवजात की भी मौत हो गई। प्रसव होने के एक घंटे बाद ही प्रसूता की हो गई थी मौत, हंगामे से बचने के लिए डाक्टर विद्याभूसन ने सुकमा रेफ़र कर रचा षडयंत्र सुकमा ज़िला अस्पताल जाने पर पता चला एक घंटे पहले ही प्रसूता ने दम तोड़ दिया है गौरतलब है कि बीते रात दोरनापाल निवासी गोरेलाल गुप्ता ने अपनी पत्नी को प्रसव पीड़ा होने पर दोरनापाल अस्पताल में भर्ती करवाया था। जहां पर प्रसूता ने रात 2 बजे बेटे को जन्म दिया कुछ देर बाद बच्चे ने दम तोड़ दिया और कुछ देर के बाद डॉक्टरों की लापरवाही से और दर्द से बच्चे की माँ की मौत हो गई। जन्म के बाद से ही बच्चे और माँ की हालत नाजुक थी और डॉक्टर विधाभूसन ने परिजनों से ये कहा कि चिंता की कोई बात नहीं रेस्ट करने दो जबकि डाक्टर की लापरवाही का आरोप परिजनों ने लगाया है दोरनापाल डाक्टर विधाभूसन के निगरानी में नवजात का इलाज चलता रहा, तमाम प्रयासों के बाद भी डॉक्टर नवजात की जान नहीं बचा सके।

# निर्भीकता से हुआ सर्वाधिक मतदान

**धमतरी , 20 नवंबर।** पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज रायपुर आरिफएच. शेख के दिशानिर्देश पर पुलिस अधीक्षक धमतरी श्री प्रशांत ठाकुर के कुशल नेतृत्व में पिछले साल के तुलना में इस वर्ष एवं आचार संहिता के दौरान सर्वाधिक कुल 3943 लोगों पर की गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही।

और इन प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियों से सामाजिक तत्वों और गड़बड़ी करने वाले लोगों में एक कड़ा संदेश गया कि चुनाव प्रक्रियाओं में अगर वह बदमाशी करते हैं, तो उनसे सख्ती से निपटा जाएगा। चुनाव के पूर्व तक असामाजिक तत्वों व गुंडा बदमाशों की कड़ी निगरानी की गई और थानावार फ्लेग मार्च निकाली गई। एवं पॉच व्यक्तियों के खिलाफ पुलिस द्वारा जिला बदर के प्रकरण बनाए गए और जिसमें से चार व्यक्तियों को जिला बदर किया गया।

आचार संहिता दौरान वारंटी को प्रदेश के अलग-अलग जिलों और दूसरे प्रदेशों से भी लाकर कोर्ट में पेश किया गया। विधानसभा चुनाव वर्ष 2023 को निष्पक्ष,निर्भिग्य एवं शांतिपूर्ण मतदान हेतु वर्ष 2023 जनवरी माह से अब तक 74 लोगों पर 110 सीआरपीसी.के तहत कार्यवाही कि गई है तथा 3410 लोगों के ऊपर 107,116 कि कार्यवाही कि गई है एवं 151 सीआरपीसी के तहत 441लोगों के उपर कार्यवाही की गई है। इस माह आचार संहिता को मद्देनजर रखते हुए धमतरी पुलिस द्वारा सर्वाधिक प्रतिबंधक कार्यवाही किया गया है कुल में 3943 लोगों पर कुल प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर बाऊंड ओवर किया गया है। छ.ग.राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 (जिला बदर)के तहत 05 बदमाशों के विरुद्ध प्रकरण पेश किया गया था जिसमें 04 व्यक्तियों के विरुद्ध जिलाबदर की कार्यवाही की गई है। इस पूरे वर्ष में अब तक कुल 3943 लोगों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियां की गई है, सकड़ों लोग जेल भेजें गए। 2022 में पूरे वर्ष में कुल 3219 लोगो पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही और 2021 में 2314 लोगो पर कार्यवाहियां हुई थी।

इन कार्यवाहियों का सीधा असर चुनाव के दौरान देखने को मिला, पूरे जिले में चुनाव के दिन एक भी बड़ी हिंसा या वाद-विवाद के प्रकरणों में चुनाव के दिन कोई एफआईआर दर्ज नहीं हुई। लगातार पुलिस टीम द्वारा की गई पेट्रोलिंग और पुलिस टीम द्वारा शिकायत स्थल पर त्वरित पहुंचने से कही भी बड़ा विवाद नहीं हुआ। धमतरी पुलिस द्वारा लगातार अवैध शराब एवं नशे के विरुद्ध अभियान चलाकर लगातार कि गई कार्यवाही। जिसके तहत इस साल जनवरी माह से अवैध नशा और अवैध शराब के ऊपर लगातार कार्यवाहियों से नशे के व्यापार पर अंकुश लगा, साथ ही साथ सार्वजनिक जगहों पर शराब पीकर हुडदंग करने वाले लोगों पर लगातार कार्यवाहियों से भी कड़ा संदेश गया। पुलिस अधीक्षक महोदय ने शांतिपूर्वक चुनाव सम्पन्न कराने के साथ साथ इस बीच त्योहारों और व्हीव्हीआईपीड्यूटी, वीआईपी ड्यूटी,कानून व्यवस्था के दौरान अच्छी ड्यूटी हेतु समस्त राजपत्रित अधिकारी सहित पुलिस अधिकारी/ कर्मचारियों को बधाई दिये हैं।

## समाचार संक्षेप

### गीदम में धूमधाम से मनाई गई भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती



**गीदम 20 नवम्बर।** गीदम के श्रीराम धर्मशाला में रविवार को राज राजेश्वर भगवान सहस्त्र बाहु अर्जुन जी की जयंती बड़े ही धूमधाम एव हर्षोल्लास के साथ मनाई गई । कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को मनाई जाने वाली भगवान सहस्त्र बाहु अर्जुन जयंती पर गीदम में हैहय क्षत्रिय ( कलचुरी ) कलार समाज एव सर्व गुप्ता समाज के लोग शामिल हुए। भगवान सहस्त्र बाहु अर्जुन जी की छायाचित्र पर दीप जलाकर , पुष्प अर्पण कर पूजा अर्चना की गई इसके पश्चात आरती का आयोजन हुआ । इस दौरान बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए । समाज के नवयुवाओं के समक्ष भगवान सहस्त्र बाहु अर्जुन जी के बारे में विस्तार से प्रकाश भी डाला गया । समाज के वरिष्ठजनों द्वारा समाज के एकजुट होने व उसके महत्व पर भी चर्चा की गई । गौरतलब है कि गीदम में हर वर्ष भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई जाती है इस बार भी यह आयोजनं श्रीराम धर्मशाला में आयोजित हुआ जहा समाज के वरिष्ठजनों , महिलाओ समेत बड़ी संख्या में युवा भी शामिल हुए ।

### तुगंल बांध जलाशय में करोड़ों खर्च के बाद भी नहीं बदला स्वरूप




**सुकमा 20 नवंबर।** तुगंल बांध इंटर से पहले वहा के सी.सी. सड़क देख ले साल भर पहले बनने के बाद धीरे-धीरे सड़क गायब होता नजर आ रहा है तुगंल बांध जलाशय में मेंटनेंस के नाम से खानापूर्ति कर रहे हैं तुगंल बांध जलाशय में अधिकारी अपना मेंटनेंस कर रहे हैं।

## सत्यापन के लिए पेश होने की हिदायत देकर पल्ला झाड़ रहा है विभाग

# फर्जी जाति प्रमाणपत्र मामले में नोटिस भेज औपचारिकता पूरी की

**जगदलपुर 20 नवंबर।** बस्तर संभाग में फर्जी जाति प्रमाण पत्र के जरिए नौकरी पाने वालों के खिलाफ एक्शन के नाम पर सुकमा के जिला शिक्षा अधिकारी केवल खानापूर्ति कर रहे हैं। कार्रवाई के नाम पर सिर्फ नोटिस भेजने की ही औपचारिकता पूरी की जा रही है। ऐसे मामले शिक्षा विभाग एवं आदिम जाति कल्याण विभाग में ज्यादा सामने आए हैं और संभाग के सुकमा जिले में इस तरह के मामलों की बहुतायत है। सुकमा के जिला शिक्षा अधिकारी ने फर्जी जाति प्रमाण पत्र के जरिए नौकरी हथियाने के आरोपों से घिरे आधा दर्जन शिक्षक शिक्षिकाओं को नोटिस जारी कर सक्षम अधिकारी द्वारा सत्यापित जाति प्रमाण पत्र एवं अन्य जरुरी दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने का निर्देश दिया है। कार्रवाई अब तक नहीं की जा सकी है।



सुकमा जिले के जिन शिक्षक शिक्षिकाओं को नोटिस जारी किया गया है, उनमें सलवम गिरीश प्रधान पाठक बालक आश्रम इंजरम विकासखंड कोंटा, कु. गीता प्रधान पाठक प्राथमिक शाला पटेलपारा फंदीगुड़ा, विकासखंड कोंटा, के. रामा यशवंत राव व्याख्याता हायर सेकंडरी स्कूल एर्राबोर विकासखंड कोंटा, ओशिक कुमार ठाकुर प्रधान पाठक प्राथमिक शाला एट्टेगटा ब्लॉक कोंटा, सत्यराजू नाग प्रधान पाठक मिडिल स्कूल नुलकातोंग विकासखंड कोंटा और विजिया नाग सहायक शिक्षिका एलबी प्राथमिक शाला पुजारीपारा सोना कुकानार ब्लॉक सुकमा शामिल हैं। इन शिक्षकों से कहा गया है कि सभी सक्षम अधिकारी द्वारा सत्यापित एवं वैध जाति प्रमाण पत्र, मिशल रिकॉर्ड, वंशावली, कोटवार रजिस्टर एवं अन्य दस्तावेजों के साथ 45 दिनों के भीतर पेश हों। ऐसा न करने पर एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी। के. रामा यशवंत राव एवं व्याख्याता कु. के सारिका के जाति प्रमाण पत्रों से जुड़े मामले उच्च स्तरीय छानबीन समिति रायपुर के समक्ष लंबित हैं। वहीं हायर सेकंडरी स्कूल गोलापल्ली की व्याख्याता के सारिका ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी कोंटा को प्रेषित जवाब में जानकारी दी है कि वे अनुसूचित जनजाति वर्ग की हैं, लेकिन व्यवसायिक परीक्षा मंडल से उनका चयन अनारक्षित वर्ग से हुआ है। इसलिए वे जाति प्रमाण पत्र या दीगर दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए बाध्य नहीं हैं।

उक्त सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को छह माह पहले नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन उनमें से कितने शिक्षक शिक्षिकाओं ने नोटिस में चाहे गए दस्तावेज उपलब्ध कराए हैं, इसका कोई अता पता नहीं है। ये तो तय है कि ज्यादातर शिक्षक शिक्षिकाएं वैध एवं मान्य दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाए होंगे। बावजूद उनके खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। सूत्रों का कहना है कि राजनैतिक दबाव और धन बल के प्रभाव में आकर उक्त दागी शिक्षक शिक्षिकाओं को बचाने की कोशिश विभागीय अधिकारी कर रहे हैं। यही वजह है कि छह माह बीत जाने के बाद भी मामले को लटकाए रखा गया है। जिन आरटीआई एक्टिविस्ट ने इस मामले को उजागर किया है, उन्होंने आरोपी शिक्षक शिक्षिकाओं और उन्हें बचाने में लगे अधिकारियों के खिलाफ उच्च स्तर पर मामला पहुंचाने में लग गए हैं।

# विधि विधान से पूजा-अर्चना कर डूबते सूर्य को व्रतियों ने दिया अर्घ्य

■ छठ घाट में उमड़ा भारी जनसैलाब,सुरक्षा के रहे व्यापक इंतजाम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**पत्थलगांव, 20 नवंबर।** लोक आस्था का महापर्व छठ मनाने के लिए भोजपुरी समाज के लोगो ने बेहतर व्यवस्था बना रखी थी,डूबते सूर्य को अर्घ्य देने भारी संख्या में नगरवासी छठ घाट पहुंचे,सभी व्रतियों के द्वारा मंत्रोच्चार व विधि विधान से सूर्य देवता की अराधना की गयी,जिसके बाद भगवान सूर्य को पहला अर्घ्य दिया गया,दिन सोमवार को सुबह का अर्घ्य देने के बाद अरुणोदय में सूर्य छठ व्रत का समापन किया जाएगा। दिन रविवार की शाम शहर के छठ घाट में सूर्य देवता को पहला अर्घ्य देने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। श्रद्धालुओं ने अस्ताचल भगवान सूर्य को तालाब के किनारे विधि विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ जल अर्पित किया,इस दौरान छठ घाट में तालाब किनारे पूजा स्थल पर छठ पूजा के पारंपरिक लोक गीत गूंजते रहे। शासन प्रशासन ने सुरक्षा के भी व्यापक इंतजाम किये हुये थे,छठ घाट में भोजपुरी समाज द्वारा जमकर आतिशबजी भी की गयी,छठ घाट जाने के लिए प्रशासन ने भी अपनी तरफ से पूरी व्यवस्था दुरुस्त रखी,सड़कों मे पानी छिडकाव किया गया था,इस मार्ग से होकर ही छठ व्रती महिला पुरूष एवं अन्य वर्ग से लोग छट घाट पहुंच रहे थे,उनके द्वारा रास्ते भर पारंपरिक लोक गीत भी दोहराया जा रहा था। डूबते सूर्य को अर्घ्य देने भारी संख्या मे श्रद्धालु पहुंचे हुये थे,भोजपुरी समाज लंबे समय से पुरन तालाब मे बने छट घाट पर इस पारंपरिक त्यौहार को संपन्न कराते आ रहा है। भोजपुरी समाज ने व्यवस्थित ढंग से अर्घ्य देने की तैयारियां कर रखी थी। तालाब को भी बेहद खुबसुरत तरीके से सजाया गया था,टिमटिमाती झालरो से मार्ग जगमगा रहे थे,अनेक जनप्रतिनिधियों की उपस्थिती छट घाट पर थी,सभी समाज के लोगो को छट पूजा की बधायी दे रहे थे।

दरअसल यह त्यौहार यू.पी,झारखंड,बिहार के रहने वालो का प्रमुख त्यौहार माना जाता है,इस त्यौहार की शुरूवात दो दिन पूर्व हो चुकी थी,पर्व का समापन दिन सोमवार को उगते सूर्य का अर्घ्य के साथ होगा।।

## भोजपुरी समाज ने निकाली रैली



छठ महापर्व के अवसर पर भोजपुरी समाज के सैकडो युवको द्वारा भगवा ध्वज थामे दुपहिया एवं चारपहिया की रैली निकालकर धर्म का संदेश लोगो तक पहुंचाने का प्रयास किया। भोजपुरी समाज के युवक भगवान सूर्य देव के जयकारे के साथ नगर भ्रमण किये,उनकी शोभा देखते ही बन रही थी।

डी.जे की धुन पर लोकाचार के गीत बज रहे थे,जिसके पीछे युवक दुपहिया एवं चार पहिया वाहन मे सवार होकर हाथो मे भगवा ध्वज थामे नगर भ्रमण किये। धूल से बचाने नगर पंचायत ने सडको मे पहले ही पानी का छिडकाव कर दिया था,जिससे समाज की रैली को धूल से निजात मिल गयी।।

## एक नजर

### सीलिंग के पूर्व प्रेक्षक एवं राजनीतिक दलों ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

**महासमुंद 20 नवम्बर ।** शुक्रवार को जिले में शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न हो गया। शाम से ही मतदान दलों की वापसी शुरू हो गयी थी। देर रात तक मतदान सामग्री जमा करने की कार्रवाई की गई। मशीनों को विधानसभा वार स्ट्रांग रूम में सील किये जाने के पूर्व भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री विवेक एल भीमनवार, श्री जफर मलिक, पुलिस प्रेक्षक श्री कृष्ण कुमार ने कलेक्टर श्री प्रभात मलिक, सभी आर ओ और राजनीतिक दलों की मौजूदगी में स्ट्रांग रूम का अवलोकन किया। साथ ही बैठक लेकर पूरे मतदान प्रक्रिया की समीक्षा की गई। बैठक में विधानसभा वार समीक्षा और राजनीतिक दलों की सहमति के पश्चात उनके समक्ष ही स्ट्रांग रूम सीलिंग की कार्रवाई की गई। स्ट्रांग रूम में कड़ी सुरक्षा रहेगी।

### जिले में मतदान के प्रति लोगों में दिखा भारी उत्साह



रायगढ़, 19 नवम्बर। विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के अंतर्गत आज जिले के सभी 4 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। मतदान समाप्ति के पश्चात कुल 83.97 रहा जिले का मतदान प्रतिशत। मतदान के प्रति शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों का भारी उत्साह देखा गया। वे स्वस्फुर्त मतदान हेतु मतदान केन्द्रों में पहुंचे एक ओर जहां नये युवा मतदाताओं में मतदान के प्रति ललक थी, वहीं वृद्धजन एवं महिलाएं भी पीछे नहीं थीं। शहरी क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों में सुरक्षा का व्यापक प्रबंध किया गया था। पुलिस अधिकारी, फोर्स लगातार गश्त कर रहे थे। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी मतदान दलों को पुलिस प्रशासन द्वारा बेहतर सुरक्षा मुहैय्या कराई गई थी। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-15 लैलूंगा में मतदान 85.52 प्रतिशत रहा। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-16 रायगढ़ में मतदान 78.78 प्रतिशत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-18 खरसिया में मतदान 86.67 प्रतिशत एवं विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-19 धरमजयगढ़ में मतदान 86.00 प्रतिशत रहा। इस तरह पूरे जिले के चारों विधान सभा में 83.97 प्रतिशत मतदान रहा। 7 लाख 47 हजार 252 मतदाताओं ने किया मतदान विधानसभा आम निर्वाचन-2023 अंतर्गत रायगढ़ जिले के चारों विधानसभाओं में 7 लाख 47 हजार 252 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इनमें 3 लाख 70 हजार 843 पुरूष मतदाता, 3 लाख 76 हजार 397 महिला मतदाता एवं 12 थर्ड जेंडर शामिल हुए। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-15 लैलूंगा में 01 लाख 74 हजार 798 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 86 हजार 337 पुरूष एवं 88 हजार 461 महिला मतदाता शामिल थे।

# गुजराती समाज ने भगवान जलाराम बापा की 224 वी जयंती मनाई



**गरियाबंद, 20 नवंबर।** गुजराती समाज द्वारा भगवान जलाराम बापा की 224 वी जयंती के अवसर पर गुजराती समाज के समस्त भाई बहनों ने आज हरीश भाई भावना बेन ठक्कर के निवास पर एकत्र होकर भजन कीर्तन पूजा के साथ भगवान जलाराम बापा की जन्मदिवस अपार उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर नगर के अनेक गणमान्य नागरिक व्यवसायी,जन प्रतिनिधि व सर्वधर्म समभाव समाज की ओर से हरीश भाई के यहां भोजन प्रसादी व्यवस्था की गई थी । गुजरात समाज द्वारा विभिन्न स्थानों पर आज भगवान जलाराम बापा की 224वीं जयंती मनाई गई इसी कड़ी में आज गरियाबन्द नगर के गुजराती समाज के भाई,बहनों ने हरीश भाई ठक्कर भावना बेन के निवास पर एकत्र होकर प्रातः से ही खुशियो मे डुबे रहे दोपहर आते-आते समाज के लोग बाबा की जन्मदिन पर पूजा अर्चना व भजन में तल्लीन रहे इसके बाद लगभग 12ः00 बजे समाज के लोगों ने भगवान जलाराम जी के छायाचित्र के सामने माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की इस अवसर पर सर्व समाज के जनप्रतिनिधि, व्यवसायीगण व नागरिकगणों ने भी भगवान जलाराम की पूजा अर्चना कर देश प्रदेश व नगर व विश्व मे शांति व सद्भावना की कामना की ।इस अवसर पर प्रमुख रूप से घनश्याम भाई सरवैया, भारत भाई वखारिया, संजय भाई वखारिया, हसमुख भाई, दीपक भाई सरवैया, अमित भाई, प्रकाश भाई, आशीष भाई, हरमेश भाई, जलाराम भाई ,निखिल भाई वखरिया, मयूर भाई, वंसभाई आयुष भाई आदि सैकड़ो जन उपस्थित थे।

# तेज हवा,ओस से फसल खेतो में गिरी,मजदूर मिल नहीं रहे, हार्वेस्टर से कटाई मुश्किल

**नवागढ़, 20 नवंबर।** समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को अब पखवाड़ेभर का समय हो चुका है। ऐसे में अब किसान भी जल्दी से जल्दी सालभर की मेहनत को भुनाना चाह रहे हैं लेकिन वर्तमान में किसानों को दोहरी परेशानी से जूझना पड़ रहा है। क्योंकि कई जगहों पर तेज हवाओं और ओस के चलते तैयार फसल खेतों में गिर गई है। जिससे हार्वेस्टर मशीन से कटाई नहीं हो पा रही है तो दूसरी ओर मजदूर भी नहीं मिल पा रहे हैं। ऐसे में किसानों को चिंता बढ़ गई है। क्योंकि खेतों में फसल गिर जाने के बाद हार्वेस्टर से कटाई नहीं हो पाती। जिससे हाथों से ही कटाई होगी लेकिन अधिकांश जगहों पर ऐसी समस्या है जिसके चलते एक साथ मजदूरों की मांग भी बढ़ गई है और किसानों को मजदूर नहीं मिल पा रहे हैं। यही वजह है कि फसल कटाई का काम अभी भी जोर नहीं पकड़ पाया है। फसल कटाई का काम जोर नहीं पकडने से फसल अब तक किसानों के घरों में नहीं पहुंच पाई है। वहीं फसल कटाई हो चुकी है तो नमी ज्यादा है इससे किसान धान को सूखा रहे हैं ताकि नमी हो जाए। 17 प्रतिशत से अधिक नमी होने पर खरीदी नहीं की जा रही। ऐसे में 17 दिन बाद भी खरीदी केंद्रों में आवक नहीं के बराबर है। अमूमन दिवाली के बाद जिले में धान कटाई का काम जोर पकड़ लेता है। जिलेभर में जगह-जगह हार्वेस्टर दिखाई देने लगते हैं। पंजाब-हरियाणा तक से हार्वेस्टर यहां पहुंच जाते हैं। लेकिन इस बार अभी तक इक्का-दुक्का ही हार्वेस्टर क्षेत्र में नजर आ रहे हैं। इस बार फसल भी देरी से तैयार हो रही है। ऐसे में ज्यादातर जगहों पर किसान अभी हाथों से ही कटाई कर रहे हैं। क्षेत्र के किसान चैतराम मनहर, मंगल सिंह ने बताया कि कटाई के लिए मजदूर ढूंढना मुश्किल हो रहा है। आधी फसल भी खेतों में गिरी है और जमीनी भी गीली है। हार्वेस्टर से कटाई नहीं हो पाएगी। कटाई का काम नहीं करा पा रहे हैं। किसान महेशराम, किरीत कश्यप ने बताया कि फसल तैयार है लेकिन कटाई के लिए हार्वेस्टर अभी खेतों में नहीं घुस पा रहे हैं।

# ओपी ने राजनीति में सक्रियता की पेश की अनोखी मिसाल

रायगढ़, 20 नवम्बर। मतदान हुए 24 घटे भी नही बीते भाजपा प्रत्याशी पूर्व कलेक्टर ओपी चौधरी ने मतदान के तत्काल बाद अपना जनसंपर्क जारी रख राजनीति में सक्रियता की अनोखी मिशाल पेश की है। अमूमन चुनाव परिणाम में हार जीत के बाद ही जन प्रतिनिधि अपना जन संपर्क या दौरा शुरू करते है लेकिन भाजपा प्रत्याशी पूर्व कलेक्टर ओपी चौधरी मतदान के एक दिन बाद ही आम जनता में मध्य पहुंच गए।

ओपी चौधरी की सक्रियता आने वाले दिनो मे राजनीति की दशा दिशा भी बदलेगी। मतदान के तत्काल बाद ही ओपी का यह जनसंपर्क में सियासी गलियारों में चर्चा का विषय बन गया। जिसने भी मतदान के बाद ओपी के इस जनसंपर्क के बारे में सुना वह राजनीति के नए मापदंड पर आश्चर्य जताए बिना नहीं रह सका। मतदान के बाद ओपी रायगढ़ विधानसभा के लोइंग मंडल के ग्राम कोसमपाली पहुंचे। जहां 99 प्रतिशत मतदान हुआ। कोसमपाली के कार्यकर्ताओ को साधुवाद देते हुए आम जनता के प्रति आभार व्यक्त हुए ओपी ने कहा कोसम पाली के मतदाताओं की जागरूकता पूरे विधान सभा के लिए जागरूकता की नई मिशाल पेश करेगी। ग्राम वासियों ने यह प्रमाणित किया है कि लोक तंत्र के इस महायज्ञ में मतदान की आहुति कितनी आवश्यक है। ओपी ने कहा मतदान की अनिवार्यता ही हर आम आदमी को लोक तंत्र के प्रति जवाब देह भी बनाती है। केवल सरकार बनाने तक ही समाज या व्यक्ति की भूमिका सीमित नही होनी चाहिए। ग्राम बनोरा में चल रही भागवत कथा में भी ओपी चौधरी शामिल हुए और पूजा अर्चना कर अंचल वासियों सहित समस्त प्रदेश वासियों के सुख-शांति-समृद्धि-खुशहाली की कामना भी की। ओपी ने कहा भागवत ही जीवन का असली दर्शन है जो मनुष्य के सांसारिक बंधनों के मध्य जीवन जीने की प्रेरणा देता है। ग्राम बनोरा की पावन भूमि में भागवत कथा सुने जाने को ओपी ने अपना परम सौभाग्य निरूपित करते हुए कहा भागवत कथा से अध्यात्म को सरलता से समझता जा सकता है। लोइंग मंडल के जन संपर्क के बाद ओपी ग्राम कोतरलिया निवासी राजकुमार प्रधान की दिवंगत माता जी के दशगात्र में शामिल हुए। शोकाकुल परिजनों से भेंट कर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए मृत आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिजनों को धैर्य एवं संबल प्रदान करने की कामना भी की है।



# मतदान के बाद मतदाताओं की चुप्पी से दलों की बढ़ी बेचैनी

**रायगढ़, 20 नवम्बर।** जिले में रिकार्ड मतदान को लेकर सियासी गलियारे में खलबली मची है। जिला मुख्यालय रायगढ़ सीट में जिले के तीनों विधानसभा सीट के मुकाबले मतदान का प्रतिशत भले ही कम है। लेकिन रायगढ़ सीट को लेकर बेहद दिलचस्पी लोगों में है। राजनीति के जानकारों की माने तो रायगढ़ सीट से पूर्व आईएएस ओपी चौधरी के चुनाव मैदान में आने के बाद से ही रायगढ़ हाई प्रोफाइल सीट बन गया था। भाजपा प्रत्याशी ओपी चौधरी की मौजूदगी से विरोधी दलों में जिस तरह की खदबदाहट देखी गई। मतदान के दौरान सामने आए रुझान से विरोधी दल की बेचैनी बढ़ती जा रही। हालांकि सभी राजनीतिक दल चुनावी समीक्षा में जुटे हैं।

लेकिन जनता की चुप्पी का फिलहाल सही आकलन कर पाना मुश्किल लग रहा है। दूसरी तरफ कांग्रेस.भाजपा के कार्यकर्ता अपने.अपने दावे करते नजर आ रहेए जिससे लगता है कि जिले की रायगढ़ सहित सभी सीटों पर काफी करीबी मामला बन सकता है। राजनीति के जानकारों की माने तो मतदान के बाद रिजल्ट को लेकर जहां अलग-अलग राजनीतिक गलियारों में विश्लेषण शुरू हो गया है। लेकिन जनता के रुझान को किस रूप में लिया जाए यह तय नहीं हो पा रहा है। बताया जाता है कि रायगढ़ सीट सहित जिले की खरसिया, लैलूंगा और धरमजयगढ़ सीट में इस बार मतदान के आंकड़े कुछ अलग ही तस्वीर बनता नजर आ रहा है। जिस राजनीतिक विश्लेषक भी मतदान के इस प्रतिशत से मतदाताओं का मूड समझ पाने में मुश्किल नजर आ रहा है। जिला मुख्यालय के रायगढ़ सीट की बात की जाए तो 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस.भाजपा को मिले वोट की तुलनात्मक समीक्षा शुरू हो गई। बताया जाता है कि 2018 के चुनाव में कांग्रेस को करीब 69 हजार वोट मिले थे, जबकि भाजपा के हिस्से में करीब साढे 54 हजार आई थी। साथ ही निर्दलीय के तौर पर विजय अग्रवाल ने करीब 43 हजार वोट हासिल किया था। इस बार रायगढ़ सीट के लिए 2 लाख 2 हजार 742 वोट डाला गया। अब इस वोट को दोनों बड़े राजनीतिक दलों के अलावा अन्य प्रत्याशियों में बांटकर रिजल्ट के कयास लगाये जा रहे हैं। लेकिन मुकाबला बेहद कांटे के होने से राजनीतिक विश्लेषक सही अनुमान लगाने में फिलहाल असमर्थ नजर आ रहे हैं। बताया जाता है कि इस बार का चुनाव कई मायनों में अलग रहा। जिसमें दोनों बड़े राजनीतिक दलों के चुनावी घोषणा पत्र प्रत्याशियों का फेस और सरकारों के कामकाज जैसे अलग-अलग मुद्दे रहे। इस स्थिति में मतदान के रुझान को सही आकलन करने के लिए बेहद गहराई तक फीडबैक लेने की जरूरत बताई जा रही है। बताया जाता है कि आने वाले दिनों में मतदान को लेकर जनता से मिले फीडबैक से अनुमान मिल पाने की संभावना बन सकती है। यह स्थिति रायगढ़ सहित खरसिया, धरमजयगढ़ और लैलूंगा सीट को लेकर बनी हुई है। ग्रामीण क्षेत्र में अंडरकरंट के क्या है मायने शहरी क्षेत्र में मतदान के बाद जिस तरह से मतदाता मुखर हैं। उस तरह की स्थिति ग्रामीण क्षेत्रों में नहीं दिख रही है। जिससे रायगढ़ जिले की खरसियाए धरमजाएगा और लैलूंगा सीट को लेकर करीबी अनुमान लगाना फिलहाल मुश्किल लगता है। बताया जाता है कि रायगढ़ जिला मुख्यालय में बने चुनावी माहौल की बयार ग्रामीण क्षेत्रों में भी बहती नजर आई। मतदान के बाद ग्रामीण मतदाताओं की चुप्पी अंडरकरंट की कहानी बयां करते महसूस होते हैं। खरसिया, धरमजयगढ़ और लैलूंगा सीट में मुकाबला कांटे के होने के अनुमान है। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में भी चर्चा होने लगी है कि परिणाम नई तस्वीर बना सकते हैं। बताया जाता है कि यदि ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार की अंतिम इंनकमबेसी यदि हावी रही होगी तो इसका परिणाम पर भी असर साफतौर पर पड़ सकता है। यदि ऐसा होता है तो जिले में एक नई सियासी तस्वीर बन सकती है, हालांकि अनुमान सच्चाई के कितने करीब हैं, कुछ नहीं कहा जा सकता।

### रायगढ़ में रुझान से बढ़त के संकेत

रायगढ़ शहरी क्षेत्र में मतदान के बाद जिस तरह के रुझान आ रहे हैं। उसे लगता है कि मतदाताओं ने पूरी तरह से मुखर होकर मतदान किया। यह मुखरता भाजपा प्रत्याशी ओपी चौधरी को रायगढ़ शहर में लीड देने के संकेत है। लेकिन ग्रामीण क्षेत्र की बात करें मसलन सरिया, पुसौर और लोईग-महापल्ली पूर्वांचल की तो ग्रामीण मतदाता अपनी चुप्पी नहीं तोड़ रहे हैं। लेकिन ओपी चौधरी के बढ़त की संभावना से इनकार भी नहीं कर रहे हैं। जिसमें राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा सरगर्म होती जा रही है कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में ओपी चौधरी को लेकर जिस तरह रुझान हैए यदि वह वोट में तब्दील हुए तो परिणाम बेहद चौंकाने वाले आ सकते हैं। यह भी बताया जाता है कि 2018 की तरह किसी निर्दलीय के कमाल करने के रुझान नहीं होने से मुकाबला भाजपा.कांग्रेस के बीच है। जिससे वोटों की एक छोटे से हिस्से को निर्दलीयों के लिए अलग कर भाजपा.कांग्रेस के खाते में बेहद बड़ा हिस्सा जाने के संकेत साफहै। इस बड़े हिस्से में किसकी बढ़त बनेगी इस पर अनुमान लगाने की अटकलें हैं।

## समाचार संक्षेप

### शबरी नदी के तट पर छठ पर्व बड़े धूमधाम की मनाया गया



**सुकमा, 20 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बिहार एवं उत्तर भारतीय समाज के द्वारा बनाए जाने वाले महापर्व छठ पूजा सुकमा जिले में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। रविवार की शाम अस्त होते सूर्य को अर्घ्य देकर छठ व्रतियों ने पूजा-अर्चना की, वहीं दूसरे दिन सोमवार की सुबह उगते सूरज को अर्घ्य देने के साथ ही छठ पूजा संपन्न होगा। इसके अलावा दोरनापाल, जगरगुंडा, चिंतलनार, तोंगपाल व पुसपाल सहित जिले के अन्य स्थानों में छठ पर्व धूमधाम से मनाया गया। वहीं रविवार की शाम जिला मुख्यालय स्थित शबरी नदी घाट में अस्त होते सूर्य को अर्ध्य देते हुए छठ व्रतियों ने पूजा संपन्न की। वहीं दूसरे दिन छठ व्रती उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही पूजा समाप्त हो। सभी लोगों एक दूसरे की छठ पर्व में शुभकामनाये दी। इस दौरान नदी घाट में अन्य समाज की लोग भी नदी में पहंचकर छठ पर्व शामिल हुए। धर्मेन्द्र शर्मा ने बताया कि शाम को सूर्य देवा को अर्घ्य देने के बाद घर भी पूजा अर्चना किया जाता और व्रती महिलाऐं प्रसाद बनाने की प्रक्रिया शुरू करती है एवं प्रसाद मिट्टी के चुल्हे पर बनाया जाता है। महिलाऐ एकत्रित होकर छठ मैया की गीत गाकर आराधान करती है। माहपर्व छठ की शुरूवात अरपा माता की महाआरती के साथ होती है,और चार दिनों चलने वाला पर्व है। कर्तिक मास के शुक्ल पक्ष के चतुर्थी से पहले दिन नाहय खाय से शुरू होता हैं, और सप्तमी के दिन अलसुबह उगते सूर्यदेव को अर्घ्य देकर छठा पर्व सम्पन होती है।

**सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम**-वहीं सुरक्षा व्यवस्था के लिए नदी तट पर पुलिस के जवान तैनात किए गए थे, किसी भी विकट परिस्थितियों से निपटने के लिए पूरी मुस्तैदी से जुटी रहीं। इस दौरान नगर सेना के जवान लाइव किट, नाव की व्यवस्था के साथ तैनात थे।

सीआरपीएफ 226 बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी रणविजय सिंह ने छठ घाट पहुंचकर छठ पूजा में शामिल हुए उन्होंने छठ पर्व को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि छठ मैया से प्रार्थना करते हुए क्षेत्र में सुख शांति एवं समृद्धि की कामना की।

### 28 से 30 नवंबर तक शुष्क दिवस घोषित, नहीं होगी शराब की बिक्री

**सुकमा, 20 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री हरिस. एस द्वारा छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उप-धारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, जिला भद्राद्रि कोथागुडम (तेलंगाना) में विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु मतदान तिथि 30 नवंबर को मतदान समाप्ति के नियत समय के 48 घंटे पूर्व की अवधि अर्थात 28 नवंबर दिन मंगलवार को अपरान्ह समय 4ः00 बजे से 30 नवंबर दिन गुरुवार को दिन गुरुवार को मतदान समाप्ति तक जिला भद्राद्रि कोथागुडम (तेलंगाना) के सीमावर्ती क्षेत्र से 5 किलोमीटर क्षेत्र अंतर्गत लगे हुए एफ.एल.-7 कैंटीन, 212 पैहागुडम जिला सुकमा को बंद रखें जाने हेतु शुष्क अवधि / शुष्क दिवस घोषित किया जाता है।

### डॉ.ध्रुव तिवारी की पेंटिंग प्रदर्शनी व टाक शो आयोजित



**भिलाई, 20 नवंबर।** डॉ ध्रुव तिवारी की पेन्टिंग प्रदर्शनी और टाक शो ने सिविक सेंटर कृष्ण अर्जुन रथ परिसर मे दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रविवार को इस दौरान उन्हे राष्ट्रीय कलापुरोधा सम्मान से विभूषित किया गया। ललित कला अकादमी के रीजनल सेन्टर खोले जाने को लेकर भिलाई इस्पात संयंत्र और ललित कला अकादमी नई दिल्ली को धन्यवाद देने के लिए जारी यह कार्यक्रम अपने पूरे शबाब पर है। जहां क्रिकेट और छट पूजा के बावजूद कला के कद्रदानो का हुजूम उमड़ पड़ा। डॉ ध्रुव तिवारी केन्द्रीय विद्यालय रायपुर में ड्राइंग टीचर हैं। वे अपने पेन्टिंग में प्रकृति चित्रण के लिए जाने जाते हैं। उनके चित्रों में गांव के पगडंडी, पेड़, पालतू जानवर सहज ही मिल जाते हैं। उन्होंने बस्तर के आदिवासियों के बीच जाकर वर्षो तक काम किया है और उनकी लोककला का रूपप्रद के संदर्भ में शोध किया है। उन्होंने आदिवासियों के मृतक स्तंभों पर भी व्यापक अनुसंधान किया है। केंद्रीय विद्यालय संगठन तथा एनसीईआरटी ने उनको राष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षक बनाया है। जिसमें वे देश भर के कला शिक्षकों को प्रशिक्षण देते हैं। वे मुंबई, मैसूर, ग्वालियर, भिलाई, खैरागढ, रायपुर के साथ ही राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनेक सोलो शोज़, कई गैलरी तथा एयरपोर्ट व मॉल पर शो कर चुके हैं। अनुराग्यम् कला, कला फिल्म तथा मॉडलिंग के क्षेत्र मे भी उनका काम उल्लेखनीय रहा है। उनके टाक शो के दौरान इसी दिन क्रिकेट मैच का भी फाईनल था जिसके कारण भारत की विकेट गिरती गई और कला प्रदर्शनी देखने लोग बढ़ते गए। रात होते तक और क्रिकेट में हार के बाद लोगों ने इस प्रदर्शनी को देखकर अपना गम गलत किया और चित्रकला का जमकर लुत्फ उठाया। खासकर बच्चो ने पेन्टिंग बनाने के तरीको को जानने सवालों की झड़ी लगा दी। इस सफल टाक शो के दौरान मंच संचालन साहित्यकार मेनका वर्मा ने एवं मंचीय सज्जा ललेश्वरी साहू, नरोत्तम साहू, डॉक्टर सोनाली चक्रवर्ती, सुप्रसिद्ध चित्रकार हरीसेन, छत्तीसगढ़ रत्न मोहन बराल, पी.वाल्सन, प्रशांत क्षीरसागर, ब्रजेश तिवारी, हरीश मंडावी, मनीष ताम्रकार, सारिका गोस्वामी, सौहद्रा गंधर्व, देवकी गंधर्व, वत्स सेन, अभिषेक सपन, धीरज साहू, नूतन, उल्लास, हेमन्त, अंकुश देवांगन के साथ ही खैरागढ, रायपुर, बिलासपुर, भिलाई, दुर्ग से आए हुए अनेक कलाकार और बड़ी संख्या मे दर्शकगण मौजूद थे।

### नवीन जिला में शांतिपूर्ण और सामान्य मतदान के लिए कलेक्टर ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया

**सारंगढ़-बिलाईगढ़, 20 नवंबर ।** विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत 17 नवंबर 2023 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और सामान्य मतदान संपन्न होने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने जिले के सभी प्रेक्षकों, मतदाताओं, मतदान दलों, सभी विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों, सुरक्षा बलों, नागरिकों, पत्रकारों, बीएलओ, मतदाता जागरूकता स्वीप से जुड़े सभी स्कूली बच्चों, स्व सहायता समूह की महिलाओं, कोटवारों, सशस्त्र बल , होमगार्ड, पीडब्ल्यूडी, मजदूर, चपरासी, सफाई कर्मी से लेकर जिले के सभी विभाग प्रमुख, नोडल अधिकारी आदि को बधाई और धन्यवाद ज्ञापित की हैं।डॉ सिद्दीकी ने कहा है कि लोकतंत्र महापर्व विधानसभा निर्वाचन को नवीन जिला सारंगढ़ -बिलाईगढ़ में सीमित संसाधन उपलब्धता के बावजूद निर्विघ्न,निर्विवाद, शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न कराया गया। इस कार्य में सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारियों का भरपूर सहयोग रहा।

## एक नजर

### अतिरिक्त ट्रांसफार्मर रखने की मांग

**कोरबा, 19 नवंबर।** भारतीय कोयला खदान मंत्री संगठन के अशोक सूर्यवंशी व रंजय सिंह पुराने कालोनी में अतिरक्त ट्रांसफार्मर रखने की मांग प्रबंधन से करेगें। पुराने कालोनी में कोयला कामगार बिजली की समस्या से जुझ रहे है। इन क्षेत्रों में बिजली कटौती की जाती है। खासकर बांकीमोंगरा के कोयला कामगार ज्यादा परेशान है। बलगी धुड़देवा कालोनी में भी गर्मी के दिनों में कोयला कामगार परेशान रहते है। गेवरा के विरेन्द्र राठौर, राहुर कुर्रे व अभिषेक टाप्पो का मानना है कि सभी क्षेत्रों में अतिरिक्त ट्रांसफार्मर होनी चाहिए। ताकि ट्रांसफार्मर के खराब होने पर लोगों को परेशान होना न पड़े।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**कोरबा, 19 नवंबर।** जिले के बालकों में आज सुबह हुए सडक हादसे में 21 वर्षीय सुरेंद्र गभेल नामक युवक की मौत हो गई। रूमगड़ा निवासी सुरेंद्र चाय नाश्ते की दुकान चलाया करता था। उसे किस वाहन ने ठोकर मारी इसका पता नहीं चल पाया है लेकिन उसे लगी चोट के आधार पर यह माना जा रहा है कि किसी भारी वाहन ने उसे प्राण लेवा टक्कर मार दिया। मृतक का शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपूर्द कर दिया गया है।

### खेतों में पहुंचकर फसलों को मटियामेट कर रहे गजराज

**कोरबा, 19 नवंबर।** जिले के गुरमा,तनेरा एवं जलके का जंगल इन दिनों गजराजों की चिघाड़ से गुंज रहा है इन तीनों स्थानों पर 100 से लगभग गजराज विचरण कर रहे है जो जंगलो में चिघाडने के साथ ही खेतों में पहुंचकर फसलो को मटियामेट कर दे रहे है। बड़ी संख्या में गजराजों के विचरण करने से क्षेत्र में दहशत का मौहाल है। हालाकि वन विभाग द्वारा यहां गजराजों की लगातार निगरानी की जा रही है। बावजूद इसके वें जंगलो से निकलकर खेतो व खलिहानों में पहुंच जा रहे है। और ग्रामीणों की मेहनत पर पानी फेर रहे है। जिससे ग्रामीणों में दहशत के साथ ही गहरा आक्रोश भी है। ग्रामीणों द्वारा लगातार इस समस्या के स्थायी समाधान की मांग की जा रही है। लेकिन अब तक इसका कोई हल नही निकाला जा सका है। फलस्वरूप ग्रामीण नुकसान सहने को मजबूर है। कई बाद गजराजो की वजह से उनकी जान को भी खतरा हो जाता है। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक 30-30 हाथी तनेरा व जलके सर्किल में है। जबकि 37 हाथी गुरमा के जंगल में डेरा डाले हुए है। जिनकी विभाग द्वारा 24 घंटे निगरानी की जा रही है।

### चुनावी रंजिश को लेकर बीजेपी कार्यकर्ताओं से मारपीट

**कोरबा, 19 नवंबर।** विधानसभा निर्वाचन से एक दिन पहले रामपुर क्षेत्र के अंतर्गत बरबसपुर पंडरीपानी इलाके में 10 युवकों ने मिलकर बीजेपी के दो कार्यकर्ताओं से मारपीट की। मारपीट करने वाले अपने पास स्टिक, रॉड और अन्य चीज रखे थे। घटना में लहू लुहान हुए पीड़ित ने रामपुर सिविल लाइन थाना में मामले की शिकायत की है। अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए सुरक्षित रामपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मारपीट की यह घटना मतदान के ठीक 1 दिन पहले हुई। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी ननकी राम कंवर के द्वारा पंडरी पानी बरबसपुर के पास चुनाव कार्यालय बनाया गया था जहां पर आसपास के इलाकों के लिए काम कराया जा रहा था। जानकारी के मुताबिक मतदान से एक दिन पूर्व बाइक पर सामान होकर 10 लडके पहुंचे। रुपए बांटने की बात कहते हुए उन्होंने दौलत राम पटेल और नंद झरोखा से मारपीट की। जिससे दोनों को चोट आई। उनके बोलेरो वाहन को भी क्षति पहुची। पीड़ित पक्ष ने इस घटना को लेकर रामपुर क्षेत्र के विधायक ननकी राम कंवर को अवगत कराने के साथ सिविल लाइन थाना में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस को मारपीट करने वालों में से कुछ लडकों के बारे में जानकारी दी गई है और सभी के खिलाफउचित कार्रवाई करने की मांग की गई।

## जिले के स्ट्रांग रूम में की गई कड़ी व्यवस्था

# जिला प्रशासन हर स्तर पर सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध : कलेक्टर

- बीएसएफ के जवानों को हर मूवमेंट पर नजर रखने के दिए निर्देश
- सुरक्षा बल एवं सीसीटीवी कैमरे से 24 घंटे की जा रही है निगरानी
- कलेक्टर ने राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों की बैठक लेकर दी जानकारी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मुंगेली, 20 नवम्बर।** शासकीय कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय चातरखार में बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम में मतदान के बाद रखे गए ईवीएम मशीनों और मतदान से संबंधित सामग्रियों की सुरक्षा की जिला प्रशासन द्वारा पुख्ता व्यवस्था की गई है। सीमा सुरक्षा बलों और सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से 24 घंटे निगरानी की जा रही है। इसके साथ ही आरओ, एआरओ के साथ अन्य अधिकारियों की भी ड्यूटी लगाई गई है। उक्त जानकारी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राहुल देव ने आज चातरखार महाविद्यालय परिसर में विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं अभिकर्ता की बैठक लेकर दी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन स्ट्रॉन्ग रूम में रखे गए मतदान सामग्रियों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रतिबद्ध है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने सुरक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आब्जर्वर के निर्देशानुसार इस बार स्ट्रांग रूम में रखे गए इव्हीएम मशीनों एवं सामाग्रियों की सुरक्षा के लिए चैनल गेट लगाया गया है। परिसर में निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति हेतु व्यवस्था की गयी है एवं पूरे परिसर निगरानी के लिये पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। पुलिस द्वारा हर गतिविधि पर कड़ी नजर रखी जाएगी। स्ट्रांग रूम एवं भवन में लगाए गए सीसीटीवी के फुटेज को लाईव देखने के लिए बाहर में टेंट लगाकर छाया, पानी आदि की व्यवस्था की गई है, जिससे अभ्यर्थी या उनके प्रतिनिधि 24 घंटे निगरानी कर सकते हैं। सभी अभ्यर्थी तीन शिफ्ट में एक-एक व्यक्ति को निगरानी हेतु प्राधिकृत कर सकते हैं। इसके लिए आरओ द्वारा जारी प्राधिकार पत्र को मान्य किया जाएगा। उन्होंने राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों से कहा कि आपलोग सुरक्षा व्यवस्था को लेकर निश्चिंत रहें। निर्वाचन आयोग के नियमों का पालन करते हुए स्ट्रांग रूम में पुख्ता सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि प्रांगण में किसी भी प्रकार के नशीली पदार्थों का सेवन करना और नशीली पदार्थ लेकर आना प्रतिबंधित है। गाड़ी पार्किंग एरिया में रहेंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय, डिप्टी डीईओ प्रवीण तिवारी, रिटर्निंग अधिकारी लोरमी एवं मुंगेली सहित संबंधित अधिकारी और विभिन्न राजनैतिक दल के प्रतिनिधिगण नंदकुमार साहू, समारू भास्कर, भीखमचंद गर्ग, लखन बांधले, कन्हैया, सुनील शर्मा, अमित कुमार बंजारे, राज साहू, जागृत, हरीश कुमार सेवा, भावसिंह मौजूद रहे।

# कलेक्टर ने शांतिपूर्वक मतदान के लिए मतदाताओं का माना आभार

## अधिकारी-कर्मचारियों-मीडिया को सहयोग के लिए दिया धन्यवाद

**कोरबा, 20 नवम्बर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार ने कोरबा जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान के लिए मतदाताओं, अभ्यर्थियों, राजनैतिक दलों सहित मीडिया के प्रतिनिधियों और प्रेक्षकों को धन्यवाद ज्ञापित कर उनके प्रति आभार जताया है।

कलेक्टर सौरभ कुमार ने आज यहां आईटी कालेज परिसर से जारी अपने संदेश में कहा कि लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व मतदान के लिए जरुरी प्रशासनिक व्यवस्थाएं और सुरक्षा के साथ-साथ जनभागीदारी और सभी वर्गो के लोगों का सहयोग सबसे महत्वपूर्ण है। जिले में निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए प्रशासनिक तौर पर व्यवस्थाएं समय पर पूरी कर ली जाती है, परंतु मतदान के लिए मतदाताओं को जागरुक बनाने और उन्हें मतदान केन्द्रों तक स्वस्फूर्त पहुंचकर वोट डालने के लिए प्रेरित करने का काम सबसे चुनौती भरा होता है। कलेक्टर ने कहा कि प्रशासनिक तैयारियों और सुरक्षा के लिए जरुरी सभी इंतजाम करने जिला प्रशासन के अधिकारियों, कर्मचारियों ने दिन रात एक कर जी-तोड़



मेहनत की है। महिला अधिकारियों ने भी पुरुष अधिकारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर मतदान की इस प्रक्रिया को निष्पक्ष-शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को इसके लिए अपनी बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने चुनाव जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य में सहयोग करने वाले शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों, सुरक्षा बलों, होमगार्ड सहित अन्य सभी व्यक्तियों जिनने सफलतापूर्वक और निष्पक्ष स्वतंत्र तथा शांतिपूण चुनाव में अपना अमूल्य सहयोग दिया है, के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनके प्रति आभार जताया है। जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार ने इलेक्टानिक और प्रिंट,सोशल मीडिया के प्रतिनिधियों के द्वारा चुनाव कार्य से संबंधित महत्वपूर्ण सूचनाओं को अभ्यर्थियों, आम जनता तक पहुंचाने तथा चुनाव कार्य में सहयोग के लिए उनके प्रति अपना आभार जताया है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन संबंधी प्रकरण की जानकारी लोगो तक पहुचाने के साथ-साथ कोरबा जिले में चुनाव के दौरान कोई भ्रामक खबर या अफवाह को फैलने से रोकने में जिला प्रशासन को मीडिया का बेहतर सहयोग मिला। उन्होंने मतदान की सही और सटीक खबरों के प्रसारण को प्रमुख स्थान देने के लिए भी मीडिया प्रतिनिधियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# सिन्हा समाज ने मनाई सहस्त्रबाहु अर्जुन देव जयंती

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 20 नवम्बर।** कलार समाज के आराध्य देव भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन देव की जयंती सिन्हा समाज भवन में मनाई गई।प्रति वर्ष कार्तिक शुक्ल पक्ष सप्तमी को पूरे देश में भगवान सहस्त्रबाहु की जयंती पूरे कल्चुरी समाज द्वारा मनाया जाता है। आज सर्व प्रथम भगवान की विधि विधान से धूप, दीप नैवेद्य अर्पित कर पूजन किया गया।इसी अवसर पर, पूर्व जिला संरक्षक सियाराम सिन्हा ने समाज को 5 हजार रूपए नगद भेंट किया। इस अवसर पर जिसमे छुरा परिक्षेत्र के मंडलेश्वर शिवलाल सिन्हा, जिला सलाहकार चिंताराम सिन्हा, सचिव हेमंत सिन्हा, शिक्षा प्रकोष्ठ संजीव सिन्हा, कोषाध्यक्ष हरि सिन्हा, यूवा मंच अध्यक्ष गुलशन सिन्हा, निर्वाचन अधिकारी मिथलेश सिन्हा, जिला युवा मंच कार्यकारिणी कुलेश्वर सिन्हा, जिला कार्यकारिणी मानसिंग सिन्हा, ग्राम प्रमुख हीरालाल सिन्हा, टेमन सिन्हा, निहाली सिन्हा, रोहित सिन्हा, प्रकाश सिन्हा, परनिया सिन्हा एवं समाज के लोग मौजूद थे।




## हत्या एवं लूट के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

# आरोपियों ने रास्ता रोक, पैसा लूट मारपीट कर की थी हत्या

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 20 नवम्बर।** जिले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाये जाने के कड़े निर्देश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के दिशा निर्देश पर थाना पलारी क्षेत्रान्तर्गत 14 नवम्बर को बिसाहू राम ध्रुव, परशुराम ध्रुव व संतुराम साहू एक मोटर सायकल में जा रहे थे कि वटगन में मोटर सायकल में दो ब्यक्ति बिरेन्द्र उर्फ बिरू डहरिया एवं मुकेश रात्रे दोनो के द्वारा जबरदस्ती रास्ते में रोक कर गाली गुप्तार करने लगे एवं संतुराम साहू के उपरी जेब में रखे 700 को लुट लिए। विरोध करने पर दोनो के द्वारा हाथ मुक्का एवं लात से जान से मारने कि नियत से बिसाहू राम ध्रुव को पेट में जोर जोर से मारने लगे, जो अधमरा जैसे हो गया मारपीट से बिसाहू राम ध्रुव के नाक मुंह से खून निकलने लगा एवं बेहोश हो गया तथा संतुराम को भी आज जान से खत्म कर दुंगा कह कर दोनो मिल कर मारने लगे, जिससे संतुराम के कमर एवं आंख के पास गंभीर चोंट




आयी है। परशुराम ध्रुव को भी मारने लगे तब किसी तरह से जांन बचा कर वहां से भाग गया।

बिसाहू राम साहू को जादा चोंट लगने से उसकी इलाज दौरान मृत्यू हो गई। कि रिपोर्ट पर थाना पलारी में अपराध क्र. 5274/2023 धारा 341, 394, 307, 302, 34 भादवि पंजीबद्ध कर आरोपी का पता तलाश किया गया एवं आरोपी बिरेन्द्र उर्फ बिरू डहरिया एवं मुकेश रात्रे को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी शशांक सिंह एवं सउनि संजीव सिंह एवं थाना स्टाफ का विशेष योगदान रहा है।

### शिविर में फांसी के फंदे पर लटकी मिली ठेका कर्मी की लाश

**कोरबा, 19 नवंबर।** कोरबा जिले के ग्राम करतला में उस समय सनसनी फैल गई, जब सड़क निर्माण में लगी ठेका कंपनी के एक कर्मचारी की लाश शिविर (कैंप) में फांसी के फंदे पर लटकी मिली। बताया जा रहा हैं की मृतक एचआर विभाग में कार्यरत था। घटना के दौरान वह शिविर में अकेला था। मामले में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार भारत माला योजना के तहत उरगा हाटी मार्ग का निर्माण कार्य किया जा रहा है। सड़क निर्माण कार्य की जवाबदारी दिलीप बिल्डकॉन नामक कंपनी को दी गई है। ठेका कंपनी का शिविर ग्राम करतला में स्थित है। जहां रहकर कर्मचारी सड़क निर्माण का काम कर रहे हैं। इस शिविर में ठेका कंपनी के एचआर विभाग में कार्यरत मूलतः मध्यप्रदेश निवासी दीपक मिश्रा नामक व्यक्ति भी रहता था। शनिवार को अन्य कर्मचारी काम कर शिविर में लौटे तो दीपक की लाश पर नजर पड़ी। दीपक का शव फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। गमछे का एक सिरा पंखे में बंधा था, जबकि उसके दोनों पैर बेड के ऊपर ही मुड़े थे। घटना की जानकारी सहकर्मियों ने तत्काल प्रबंधन के अलावा पुलिस को दी। करतला पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 20 नवम्बर।** जिले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा महिला संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाये जाने के कड़े निर्देश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के दिशा निर्देशन में थाना पलारी के अपराध क्रमांक 525/2023 धारा 363, 366ए, 354, 506, 376 भादवि 4,6,8 पाक्सो एक्ट के आरोपी डगेश्वर वर्मा पिता बिरेन्द्र वर्मा उम्र 24 वर्ष निवासी जारा थाना पलारी को आज दिनांक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया। संपूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक शशांक सिंह, सउनि कमल किशोर देवांगन एवं समस्त थाना पलारी स्टाफका योगदान रहा।



## समाचार संक्षेप

### छग में भारी बहुमत से बनेगी भाजपा की सरकार : विजेन्द्र सिंह ठाकुर

**डोंगरगढ़, 20 नवम्बर।** डोंगरगढ़ भाजपा विधानसभा क्षेत्र के मीडिया प्रभारी विजेंद्र सिंह ठाकुर ने पहले एवं दूसरे चरण के मतदान के बाद दावा किया है कि छत्तीसगढ़ में भाजपा के पक्ष में लहर चल रही है। एक बार फिर से भारी बहुमत से भारतीय जनता पार्टी सरकार बनेगी। विजेन्द्र सिंह ठाकुर ने दावा किया कि पहले चरण में 13 से 14 सीटों में भाजपा आगे है। एवं दूसरे चरण में 42 से 45 सीट पर भाजपा आगे रहेंगी। ठाकुर ने भाजपा के संकल्प पत्र को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी बताते हुए कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के हर वर्ग का ध्यान रखा जाएगा युवाओं को रोजगार किसानों को उनका हक महिलाओं को उनका अधिकार छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद तेंदूपत्ता संग्रहण 5,500 रुपये प्रति मानक बोरा करेंगे। संग्रहण के दिनों में बढ़ोत्तरी कर 15 दिन करेंगे और अतिरिक्त संग्रहण करने वालों को 4,500 रुपये का बोनस देंगे। आदिवासी साथियों के पैरों में कांटे न चुभे, इसके लिए चरणपादुका योजना को फिर शुरू करेंगे। फड़मुंशियों को कमीशन के अतिरिक्त 25 हजार रुपये वार्षिक मानदेय प्रदान करेंगे। भाजपा की सरकार बनते ही पहली कैबिनेट बैठक में ही 18 लाख आवास के लिए सरकार राशि जारी करेंगी। महिलाओं को साल में ?12000 वा सीजीपीएससी घोटाले के दोषियों पर कड़ी करवाई करेंगी। दो वर्ष में रिक्त पदों पर भर्ती करके युवाओं को हमारी सरकार रोजगार देंगी और भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर छत्तीसगढ़ उद्यम क्रांति योजना के तहत प्रदेश में युवाओं को 50 प्रतिशत सब्सिडी के साथ ब्याज मुक्त ऋण प्रदान करेंगी। हमारे घोषणा पत्र में जो प्रमुख रूप से वादे किए गए हैं 25 दिसंबर को अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर किसानों को दो साल का बोनस देंगें।



विनोद खांडेकर की जीत में कोई संदेह नहीं पहले से ज्यादा वोटों से जीतेंगे चुनाव

### सुनालिया चौक पर 2 घंटे तक लगा रहा जाम

**कोरबा, 19 नवंबर।** कोरबा अंचल में शनिवार को छठ की तैयारी के लिए बड़ी संख्या में लोग बाजार में निकले। बाहरी क्षेत्रों में रहने वाले भी ट्रेन व बसों से वापस लौटे। इस कारण से शहर के प्रमुख व्यवसायिक क्षेत्र में ट्रांसपोर्ट नगर से मस्जिद तक पावर हाऊस रोड पर सुबह से यातायात का दबाव बढ़ गया। सुबह करीब 11 बजे पावर हाऊस रोड पर जाम लगा तो सुनालिया चैक पर तैनात बल वहां चला गया, लेकिन इस बीच शहर के रेलवे स्टेशन में एक के बाद एक दो यात्री ट्रेन पहुंच पर वहां से निकले यात्रियों से भरी ऑटो व बाइक सवार लोग का दबाव सुनालिया चैक पर बढ़ गया, जिससे जाम लगना शुरू हो गया। देखते ही देखते चैक के चारों ओर के मार्गों पर वाहन फंस गए। सुनालिया चैक से ट्रांसपोर्ट नगर चैक तक वाहनों की कतार लग गई। चैक पर यातायात पुलिस का सिपाही नहीं होने से जाम की स्थिति जस की तस बनी हुई थी। कुछ लोग अपने स्तर पर जाम खुलवाने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन वाहन चालक उनकी बात सुनने को तैयार नहीं थे। इस बीच सुनालिया चैक पर जाम लगे होने की सूचना मिलने पर यातायात पुलिस के एएसआई मनोज राठौर वहां पहुंचे। वे अकेले ही जाम को क्लियर कराने लगे। उन्होंने जाम हटवाने के लिए अकेले जूझते देख जागरूक लोग भी उनकी मदद करने लगे। इस बीच वहां से गुजर रहे सिटी कोतवाली के एएसआई अजय सिंह व सिपाही सिंह भी रूककर जाम हटाने में जुट गए। थोड़ी देर बाद पावर हाऊस रोड से जाम खुलवाकर यातायात पुलिस के 2 सिपाही पहुंचे तो जाम खुलवाने में आसानी हो गई। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद सुनालिया चैक पर जाम से राहत मिली।


**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202311092200005**

विषय:- ब-121
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन्:-2023-2024

रांका प.ह.न. 00029 [ (हे.) ]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार-दशरथ,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दशरथ पिता देवलाल जाति सोनार निवासी खुटा पारा वार्ड नम्बर 01 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम रांका प.ह.न. 29 तहसील डोंगरगढ़ स्थित खाता क्रमांक 171 में ख.न.क्रमशः 231/1, 231/2 रकबा 0.020, 0.020 हे. कुल ख.न. 02 कुल रकबा 0.040 हे. कृषि भूमि राजस्व अभिलेख में दशरथ, अविनाश, श्रद्धा, प्रीति सभी पिता देवलाल सभी जाति सोनार सा. डोंगरगढ़ के नाम पर दर्ज व स्थित है। उक्त कृषि भूमि का मूल ऋण पुस्तिका कही गुम हो गई है, जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस थाना डोंगरगढ़ में दर्ज किया गया है। अतः उक्त भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने बाबत आवेदन पत्र मय बी-1, शपथ पत्र, थाना में सूचना की प्रति, चालान आदि की छायाप्रति सलग्न है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 06.12.2023 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16/11/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार डोंगरगढ़

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202311092200006**

विषय:-ब-121
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन्:- 2023-2024

पीपरखारखुर्द प.ह.न. 00022 [ (हे.) ]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- दशरथ,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दशरथ पिता देवलाल जाति सोनार निवासी खुटा पारा वार्ड नम्बर 01 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम पीपरखार खुर्द प.ह.न. 22 तहसील डोंगरगढ़ स्थित खाता क्रमांक 33 में ख.न. 2/3 रकबा 1.224हे. कुल ख.न. 01 कुल रकबा 1.224 हे. कृषि भूमि राजस्व अभिलेख में दशरथ पिता देवलाल जाति सोनार सा. डोंगरगढ़ के नाम पर दर्ज व स्थित है। उक्त कृषि भूमि का मूल ऋण पुस्तिका कही गुम हो गई है, जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस थाना डोंगरगढ़ में दर्ज किया गया है। अतः उक्त भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने बाबत आवेदन पत्र मय बी-1, शपथ पत्र, थाना में सूचना की प्रति, चालान आदि की छायाप्रति संलग्न है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 06.12.2023 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16/11/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार डोंगरगढ़

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202311092200008**

विषय:- ब-121
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन्:- 2023-2024

राजकट्टा प.ह.न. 00029 [ (हे.) ]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- फादर अजय जोजो,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक फादर अजय जोजो पिता एलोइस जोजो जाति मुण्डा निवासी बधियाटोला डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम राजकट्टा प.ह.न. 39/29 तहसील डोंगरगढ़ स्थित खाता क्रमांक 106 में ख.न. 56/2 रकबा 0.365हे. कुल ख.न. 01 कुल रकबा 0.365 हे. कृषि भूमि राजस्व अभिलेख में फादर अजय पिता एलोइस जोजो जाति मुण्डा सा. डोंगरगढ़ के नाम पर दर्ज व स्थित है। उक्त कृषि भूमि का मूल ऋण पुस्तिका कही गुम हो गई है. जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस थाना डोंगरगढ़ में दर्ज किया गया है। अतः उक्त भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने बाबत आवेदन पत्र मय बी-1, शपथ पत्र, थाना में सूचना की प्रति, चालान आदि की छायाप्रति संलग्न है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 06.12.2023 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16/11/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार डोंगरगढ़

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202311092200009**

विषय:- ब-121
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन्:-2023-2024

राजकट्टा प.ह.न. 00029 [ (हे.) ]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- अजय जोजो,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अजय जोजो पिता एलोइस जोजो जाति क्रिश्चन निवासी डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा ग्राम राजकट्टा प.ह.न. 39/29 तहसील डोंगरगढ़ स्थित खाता क्रमांक 2 में ख.न. क्रमशः 245/3, 245/21 रकबा क्रमशः 0.170, 0.040 हे. कुल ख.न. 02 कुल रकबा 0.210 हे. कृषि भूमि राजस्व अभिलेख में अजय जोजो पिता एलोइस जोजो जाति क्रिश्चन सा. डोंगरगढ़ के नाम पर दर्ज व स्थित है। उक्त कृषि भूमि का मूल ऋण पुस्तिका कही गुम हो गई है, जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस थाना डोंगरगढ़ में दर्ज किया गया है। अतः उक्त भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने बाबत आवेदन पत्र मय बी-1, शपथ पत्र, थाना में सूचना की प्रति, चालान आदि की छायाप्रति संलग्न है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 06.12.2023 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16/11/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार डोंगरगढ़

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202311092200007**

विषय:- ब-121
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन:-2023-2024

बधियाटोला प.ह.न. 00023 [ (हे.) ]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार-हुकुम ठाकुर,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हुकुम ठाकुर पिता सुकदेव ठाकुर जाति गोंड उम्र 55 वर्ष निवासी बधियाटोला डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम बधियाटोला प.ह.न. 23 तहसील डोंगरगढ़ स्थित खाता क्रमांक 1070 में ख.न. 192/3 रकबा 0.405हे. कुल ख.न. 01 कुल रकबा 0.405हे. कृषि भूमि राजस्व अभिलेख में हुकुम ठाकुर पिता सुकदेव ठाकुर जाति गोंड सा. बधियाटोला के नाम पर दर्ज व स्थित है। उक्त कृषि भूमि का मूल ऋण पुस्तिका कहीं गुम हो गई है, जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस थाना डोंगरगढ़ में दर्ज किया गया है। अतः उक्त भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने बाबत आवेदन पत्र मय बी-1, शपथ पत्र, थाना में सूचना की प्रति, चालान आदि की छायाप्रति संलग्न है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 06.12.2023 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16/11/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार डोंगरगढ़

